

मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। जनजीवन प्रभावित।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 12 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## घने कोहरे के साथ ठंड का सितम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** ठंड और कोहरे से उत्तर भारत के राज्यों को अभी कुछ दिन राहत मिलती नहीं दिख रही है। मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। वहीं पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित है।

**100 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं**

घने कोहरे के कारण भी दिल्ली में कई जगहों पर सुबह दृश्यता शून्य रही। इस कारण आइजीआइ एयरपोर्ट पर 150 के करीब उड़ानें विलंबित रहीं। 33 से अधिक ट्रेनें दिल्ली से देरी से चलीं जबकि 100 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं। घने कोहरे के कारण सड़कों पर भी वाहन रेंगते नजर आए और कई जगहों पर हादसे भी हुए। पूरे दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे का असर रहा दिनभर रहा। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने उत्तर भारत विशेष तौर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अगले कुछ दिन घना कोहरा होने की चेतावनी जारी की है।

# 5 फरवरी आप'दा' से मुक्ति का दिन: शाह

● सत्ता में आकर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े; 5 फरवरी आप'दा' से मुक्ति का दिनः अमित शाह

**प्रधान सम्मेलन**

**दिल्ली के झुग्गीवासी झूठे वादे करने वाले अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने जा रहे हैं : शाह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के झुग्गीवासी झूठे वादे करने वाले अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने जा रहे हैं। 5 फरवरी दिल्ली का आप'दा से मुक्ति का दिन है। इस दिन दिल्ली को करप्शन से मुक्ति मिलेगी। आप सरकार ने दिल्ली को नरक बनाने का काम किया है। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया। अन्ना जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता में आए, उन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। दिल्ली सरकार 10 साल से डिजास्टर बनी हुई है। पूरा देश कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन दिल्ली वाले वहीं रह गए। पंजाब के लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को वोट मत दो, क्योंकि वे झूठे हैं, विश्वासघाती हैं, भ्रष्ट हैं। इस सम्मेलन में राजधानी के करीब 30,000 झुग्गी बस्तियों के प्रधान ने हिस्सा लिया। शाह ने उनकी समस्याओं को सुना।

**केजरीवाल से काम नहीं होता तो सत्ता छोड़ दें**

केजरीवाल ने 10 साल में कुछ नहीं किया। अगर आपसे काम नहीं हो पा रहा तो सत्ता छोड़ दो। भाजपा विकास के सारे काम कर देगी। लेकिन ये तो सत्ता छोड़ने वालों में से नहीं हैं। जेल जाकर भी इस्तीफा न देना वाला एकमात्र मुख्यमंत्री केजरीवाल हैं।

**केजरीवाल ने खुद के लिए शीशमहल बनाया**

प्रधानमंत्री मोदी ने भरी सभा में कहा कि यह मोदी गारंटी है कि एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देने का काम भाजपा करेगी। हमने यह करके दिखाया है। हमने गरीब कल्याण के सारे काम 10 साल में धरातल पर किए हैं। हमने साढ़े तीन करोड़ गरीबों को घर दिया। 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को गैस का सिलेंडर दिया, 6 लाख गांव में 2 करोड़ 62 लाख घरों में बिजली दी, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय बनाए लेकिन उन्होंने गरीबों के घर से महंगा शौचालय अपने शीशमहल में खुद के लिए बनाया।

**केजरीवाल ने अन्ना से लेकर दिल्ली वालों को धोखा दिया**

केजरीवाल दिल्ली के लिए 'आप-दा' हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके लोगों को धोखा दिया है, जबकि वह खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। देश ने तरक्की की है, लेकिन दिल्ली अभी भी विकास का इंतजार कर रही है। सड़कें गड्ढों से भरी हैं, हवा प्रदूषित है, यमुना का जल प्रदूषित है। केजरीवाल ने अन्ना, पंजाब और दिल्ली के लोगों के साथ विश्वासघात किया है।



### घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगीः शाह

**दिल्ली** को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाना झुग्गियों की जिम्मेदारी है। हमने आपकी सभी जरूरतों की सूची बनाकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी को सौंप दी है। जैसे ही हम जीतेंगे, हम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर देंगे। हमारे घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगी। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग, 8 फरवरी को रिजल्ट चुनाव आयोग ने 7 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान किया। दिल्ली की सभी 70 सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। तारीखों की घोषणा के दिन से चुनाव प्रक्रिया पूरी होने यानी 10 फरवरी तक करीब 35 दिन लगेंगे।

### आप-दा का लूट का मॉडल आया सामनेः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति को लेकर शनिवार को नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के हवाले से भारतीय जनता पार्टी ने बड़े घपले का दावा किया। भाजपा के अनुसार इस रिपोर्ट पर दस खामियां पाई गई हैं। भाजपा ने दावा किया कि इससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए इसे आप-दा का लूट का मॉडल बताया। शनिवार को जे पी नड्डा ने ट्वीट करके कहा कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के नशे में चूर, कुशासन में मस्त हैं। आपदा का लूट का मॉडल पूरी तरह से सामने आया और वह भी शराब जैसी चीज पर। उन्होंने कहा कि बस कुछ ही हफ्तों की बात है, जब उन्हें दिल्ली के लोग सत्ता से बाहर कर देंगे और उनके कुकर्मों के लिए दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'शराबबंदी' पर सीएजी रिपोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी सरकार को बेनकाब किया।



**आप को घेरा**

**नीति कार्यान्वयन में जानबूझकर की गई 'चूक' राजकोष को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान किया है**

नीति कार्यान्वयन में जानबूझकर की गई 'चूक' राजकोष को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान किया है। यह कैग की रिपोर्ट कह रही है।

## नशा तस्करी के खिलाफ 'रुथलेस अप्रोच' जरूरीः शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकारों को संयुक्त होकर 'रुथलेस अप्रोच' के साथ कार्रवाई करनी होगी। गृह मंत्री ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर हम भारत को दुनिया में प्रथम बनाना चाहते हैं, तो यह नशा मुक्त भारत के बिना संभव नहीं है। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सात प्रतिशत आबादी नशे की लत में है। अगर हम अभी नहीं चेते तो दस साल में बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केंद्र और राज्य सरकारों को एकजुट मंच पर सामूहिक रूप से लड़नी होगी। उन्होंने कहा, कोई भी देश नशे से ग्रसित युवा पीढ़ी के साथ विकास के मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर इस चुनौती से लड़ें और इस लड़ाई को जीतने के लिए संपूर्ण प्रयास करें। नशीले पदार्थों के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए शाह ने घोषणा की कि आज, हमने जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जलाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों को जलाने का पखवाड़ा के दौरान अगले 10 दिनों के भीतर एक लाख किलोग्राम मादक द्रव्य नष्ट किए जाएंगे।

**कार्रवाई**

**मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की**

## मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी सभी कीः रामनाथ

**आह्वान**

**संस्कृति की विरासत को सुलभता से पहुंचाने के लिए मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शनिवार को कहा कि भाषा संस्कृति की वाहक होती है और संस्कृति की विरासत को सुलभता से पहुंचाने के लिए मातृभाषा को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद और वैश्विक हिन्दी परिवार के सहयोग से कला केन्द्र के प्रांगण में तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज इसके उदघाटन कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, इंदिरा गांधी कला केन्द्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के श्याम परांडे, वैश्विक हिन्दी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी, ऑक्सफोर्ड बिजनेस कालेज के प्रबंध निदेशक पद्मेश गुप्त और पद्मतोमियो मिजोकामि मौजूद रहे। इस दौरान एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया।



## लद्दाखः गोला-बारूद भंडार के लिए बुनियादी ढांचे का होगा निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र की वन्यजीव समिति ने चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास पूर्वी लद्दाख में सैनिकों, गोला-बारूद भंडारण और संचार नेटवर्क के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

**सैनिकों के तैनाती में आएगी तेजी**

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चांगथांग के अधिक ऊंचाई वाले शीत मरुस्थल वन्यजीव अभयारण्य और काराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में बनाए जाने वाले नए बुनियादी ढांचे का उद्देश्य गोला-बारूद की पहुंच में तेजी लाना और त्वरित अभियानगत तैनाती सुनिश्चित करना है।

## रामलला मंदिर संस्कृति-अध्यात्म की धरोहरः मोदी

**शुभकामनाएं**

**ये (22 जनवरी 2024) कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, ये एक नए कालचक्र का उद्गम है : पीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिए अपने भाषण का एक वीडियो साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि ये (22 जनवरी 2024) कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, ये एक नए कालचक्र का उद्गम है।



## कैग की लीक रिपोर्ट से 'शराब घोटाला' बना बड़ा चुनावी मुद्दा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** **नियंत्रक** एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की दिल्ली शराब नीति से जुड़ी लीक रिपोर्ट में अनियमिताओं के चलते राजस्व घाटे की बात कही गई है। चुनावों से पहले रिपोर्ट के सामने आने से एक बार फिर राजधानी में कथित शराब घोटाला बड़ा मुद्दा बन गया है। रिपोर्ट ऑफ कंट्रोलर एंड ऑडिटर नरल ऑफ इंडिया ऑन परफॉर्मेंस ऑडिट ऑन रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर इन दिल्ली नामक इस लीक रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति अपने उद्देश्यों से भटक गई थी। इसके चलते दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ का राजस्व घाटा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मनीष सिसोदिया के नेतृत्व वाले मंत्री समूह ने विशेषज्ञ पैनल के सुझावों को शराब रीति में शामिल नहीं किया। शिकायतों के बावजूद सभी को लाइसेंस के लिए अनुमति प्रदान कर दी। यहां तक कि आवेदनकताओं की वित्तीय स्थिति को भी नहीं जांचा गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। शराब नीति में बड़े स्तर पर पारदर्शिता को नजरअंदाज किया गया। इसमें कीमतों को लेकर स्पष्टता का अभाव रहा। कैबिनेट और उपराज्यपाल को महत्वपूर्ण निर्णय में शामिल नहीं किया गया। विधानसभा से अनुमति लेने के लिए आबकारी नियमों को उसके समक्ष नहीं रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति को लागू करने में भी कई कमियां रही।

**शराब नीति**


**दिल्ली नामक इस लीक रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति अपने उद्देश्यों से भटक गई थी**

## राज्य में पहली बार पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम लागू किया : सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला/चमन शर्मा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सम्मेलन में नादौन से आभासी माध्यम से भाग लिया और बढ़ते नशे के संकट से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। सम्मेलन में नशीले पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें आठ उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान दिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में 340 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2012 में लगभग 500 मामलों से बढ़कर वर्ष 2023 में 2,200 मामले हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, हेरोइन से जुड़े मामलों का प्रतिशत भी दोगुना हो गया है, जो वर्ष 2020 में 29 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024 में 50 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने सिंथेटिक दवाओं की चिंताजनक स्थिति का उल्लेख किया।





**प्रतिबद्धता**

**सुक्खू ने सम्मेलन में भाग लिया और बढ़ते नशे के संकट से निपटने के लिए हिमाचल की प्रतिबद्धता पर बल दिया**

## पीएम आज विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में भाग लेंगे और देशभर से आए तीन हजार सक्रिय युवा नेताओं से बातचीत करेंगे। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि। कल, 12 जनवरी, एक बहुत ही खास दिन है क्योंकि यह स्वामी विवेकानंद की जयंती है। इस अवसर पर, मैं पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में बिताऊंगा। बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार विकसित भारत युवा नेता संवाद का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है।

## नीतीश के साथ जाना यानी खुद के पैर पर कुल्हाड़ी मारनाः तेजस्वी

**बगहा (पश्चिमी चंपारण**

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के साथ जाने को लेकर फाइनल जवाब दे दिया है। उन्होंने साफ-साफ बता दिया है कि वे नीतीश कुमार के साथ जाएंगे या नहीं। उन्होंने जो जवाब दिया उससे बिहार की सियासत गरमा सकती है।

**नीतीश के साथ जाना यानी खुद के पैर पर कुल्हाड़ी मारना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश के साथ जाना, पैर पर कुल्हाड़ी मारना है। सीएम प्रगति नहीं, दुर्गति यात्रा पर निकले हैं।

**शिक्षा पर बल** मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की अहम बैठक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूलों में छात्र व शिक्षकों का अनुपात किया जाएगा सुनिश्चित,

## हरियाणा में शिक्षा व्यवस्था का होगा कायाकल्पः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः हरियाणा को वैश्विक** शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए नायब सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र और शिक्षकों के अनुपात को सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रदेशभर में कोई भी स्कूल ऐसा नहीं बचेगा, जहां शिक्षकों की कमी हो।



मुख्यमंत्री शुक्रवार देर सायं मौलिक शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर रहे थे। बैठक में शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा भी उपस्थित थे।

नायब सिंह सैनी ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था करने के लिए राशनलाइजेशन कर व्यापक योजना तैयार की जाए ताकि यदि कहीं किसी स्कूल में शिक्षकों की कमी है तो उसे पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में शिक्षकों की कमी नहीं है, केवल छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की तनाती की व्यवस्था निश्चित की जाए। नए शैक्षणिक सत्र से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए।

**बढ़ावा**

**आगामी शैक्षणिक सत्र से कोई भी स्कूल ऐसे नहीं बचेगा, जहां शिक्षकों की कमी हो - नायब सिंह सैनी**

**जनता में किया जाए विश्वास जागृत, ताकि अधिक से अधिक बच्चे सरकारी स्कूलों में करें शिक्षा ग्रहण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों के प्रति जनता में विश्वास जागृत किया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने आएं। सरकार प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को संस्कारवान बनाने व सांस्कृतिक ज्ञान प्रदान करने के लिए आठवीं कक्षा तक गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

# भाजपा ने 'शीशमहल' पर गीत किया लॉन्च और पोस्टर भी जारी किया

**आप को घेरा**

**यह गीत अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार और दिल्ली के टैक्स पेयर्स के पैसों को लूट कर बनाए गए शीशमहल की कहानी बयां करता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में "शीशमहल आपदा फैलाने का अड्डा" टाइटल से एक गीत जारी किया। उन्होंने कहा कि यह गीत अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार और दिल्ली के टैक्स पेयर्स के पैसों को लूट कर बनाए गए शीशमहल की कहानी बयां करता है। उन्होंने इसके साथ ही पार्टी का तुरंत ही "आप-दा ए आजम" पोस्टर भी जारी किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की नजर लग गई है और जो शख्स दिल्ली को संभालने, दिल्ली में परिवर्तन करने की बात करते थे, उन्होंने खुद का परिवर्तन किया। सचदेवा ने कहा कि मुगलों का राज जब दिल्ली में था तो लोग महल देखने आते थे लेकिन दिल्ली के आप-दा वाले आजम ने जो महल बनाया, वह दिल्ली के खून पसीने को लूटकर एक शीशमहल बनाया, जो आज दिल्ली के माथे पर कलंक है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली वाले के सामने शीशमहल है लेकिन उसके बावजूद रोज उसे छुपाने की कोशिश हो रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल को आप-दा-ए- आजम की संज्ञा देते हुए कहा कि दिल्ली को लूटने और उन्हें बर्बाद करने का काम अरविंद केजरीवाल ने किया है। आज दिल्ली की जनता विकास ढूंढ रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल विकास कार्य बताने की जगह उन्हें गाली देने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, प्रदेश प्रवक्ता विक्रम मित्तल एवं सोशल मीडिया प्रमुख डॉ

# डेटिंग ऐप पर दोस्ती, बंधक बनाकर वसूली करने वाले गैंग काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डेटिंग ऐप पर दोस्ती कर मिलने के बहाने बुलाकर बंधक बनाने वाले गैंग को पुलिस ने पकड़ा है। बताया गया है कि बदमाश बंधक बनाकर वसूली करते थे। गैंग का भंडाफोड़ करते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार थाना पुलिस टीम ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्जुन, नितिन, आकाश, और फैजान के तौर पर हुई है। जबकि इनका पांचवा साथी नाबालिग है।

**ब्लैकमेल करके पैसे ट्रांसफर कराने का आरोप**
पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने उसका मोबाइल फोन ले लिया और जबरदस्ती बैंक खाते का पासवर्ड पूछ कर 125000 अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया और उसका मोबाइल भी छीन लिया। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर्ष विहार थाने के एसएचओ ने एसआई नितिन कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष, हेड कांस्टेबल अंकित और कांस्टेबल दीपक की टीम का गठन किया। एक युवक ने अपनी शिकायत में कहा था कि पुरुषों के साथ डेटिंग के लिए डेटिंग एप पर वह सक्रिय है। डेटिंग एप पर चैटिंग के दौरान उसे अंकित नाम का युवक मिला। बातचीत के बाद उससे उसकी दोस्ती हो गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश, पुत्र सुनेहरा निवास मकान नं. 50, वीपीओ, मुंडलाना, तहसील-गोहाना, सोनीपत-131001** ने **सीटी संख्या 5816/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के.एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 5816/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के.एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर जिला
दि.पु./356/रोहिणी जिला/2025 कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजेंदर, पुत्रः काली चरण, पताः म. नं. ए-229, राणा प्रताप बाग, दिल्ली** ने **FIR No. 50/19, U/s 27/61/85 NDPS Act, पुलिस थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजेंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजेंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 50/19, U/s 27/61/85 NDPS Act, पुलिस थाना भारत नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **विजेंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 101, प्रथम तल
DP/263/NW/2025 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

# डिवाइडर तोड़कर कार से टकराई तेज रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में सरोजनी नगर इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में 28 वर्षीय कार ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा रिंग रोड भीकाजी फ्लाईओवर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ऑडी कार का संतुलन बिगड़ गया। ऑडी कार एम्स से धौला कुआं की दिशा से आ रही थी। कार डिवाइडर को जम्प कर दूसरी लेन में चली गई।

# 25 साल बाद सुलझा उत्तम नगर हत्याकांड मामला, गिरफ्तार हुआ आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की टीम ने उत्तर नगर थाना क्षेत्र में 25 साल पुराने हत्या के मामले को सुलझाते हुए वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरियाणा के झज्जर निवासी अजय कुमार दहिया के रूप में हुई है, जो अपनी पहचान बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था और हिमाचल प्रदेश के काला अंब में रह रहा था। कृष्णा ने अपनी बहू सरोज के लापता होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट क्राइम ब्रांच के उपायुक्त सतीश कुमार के मुताबिक, 8 अगस्त 2000 को उत्तम नगर निवासी कृष्णा सेठी ने अपनी बहू सरोज के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सरोज अपने तीन बच्चों को छोड़कर अपने माता-पिता के घर जाने के बाद गायब हो गई थी। सेठी को संदेह था कि सरोज का अजय दहिया के साथ अवैध संबंध रहा है। उन्होंने दोनों पर अपने बेटे अश्वनी सेठी की हत्या का भी आरोप लगाया। हरियाणा के बिरधाना में अश्वनी सेठी संदिग्धावस्था में शव मिला। शव पर गोली के निशान पाए गए थे। दहिया और सरोज दोनों फरार हो गए थे और बाद में 2008 में उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया।

**दिल्ली पुलिस के 'सहायक' ऐप का उपयोग कर जुटाया गया डेटा**
आरोपितों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपित के परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबरों सहित महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। इसके अलावा दिल्ली पुलिस के 'सहायक' ऐप का उपयोग कर डेटा जुटाया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वैभव जैन पुत्र श्री सुनील जैन निवासी बी-2/35, जनकपुरी, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **486/2024 अन्तर्गत धारा 420/406/120बी/34 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टाउन, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वैभव जैन** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वैभव जैन** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **486/2024 अन्तर्गत धारा 420/406/120बी/34 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टाउन, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वैभव जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशू सेहलोथ**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट-03
**DP/408/NW/2025 (Court Matter)** कोर्ट नं. 213 (उत्तर), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निखिल** पुत्र **परमानंद** निवासी **पी-6/21, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 9361/2018 U/s 411/394/34 IPC, थाना केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **निखिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **निखिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 9361/2018 U/s 411/394/34 IPC, थाना केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निखिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सेहलोत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (नोर्थ)
कमरा नं. 213, द्वितीय तल,
DP/354/RD/2025(Court Matter) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**नगर पालिका गन्नौर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा नगर पालिका गन्नौर क्षेत्र के आबादी देह तथा लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली सम्पतियों के अधिभोगियों को सम्पत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने है।
नगर पालिका गन्नौर क्षेत्र में आने वाली सभी सम्पति आई.डी. जोकि लाल डोरा आबादी देह में स्थित है की सूची सम्पूर्ण विवरण सहित नगर पालिका गन्नौर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। आप इस सूची का अवलोकन करके यदि सम्पति आई.डी. में दर्ज विवरण जैसे स्वामी के नाम सम्पति के क्षेत्रफल सम्पत्ति में दर्ज मोबाईल नं. सम्पति की श्रेणी आदि विवरण को लेकर 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगर पालिका गन्नौर कार्यालय में अपने दावे/आपत्तियां लिखित में दर्ज करा सकते है।
सम्पत्ति के स्वामित्व को सिद्ध करने हेतु शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकुला द्वारा जारी पत्र क्रमांक DULB.DMC-HQ/2024/142 दिनांक 12.03.2024 में दिए गए निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें :-

- राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित दावेदार का शपथ-पत्र, जिसमें आबादी देह/लाल डोरा में स्वामित्व/कब्जा का स्पष्ट उल्लेख हो :-
1. पिछले 10 वर्षों का बिजली बिल।
2. पिछले 10 वर्षों का पानी का बिल।
3. कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसैन्स, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र आदि जिसमें पता शामिल हो।
- अधिकार के पिछले 10 वर्षों का पता लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेज :-
1. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए सम्पत्तिकर रसीदें।
2. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए निर्मित संरचना का प्रमाण-पत्र।
- दावाकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले दस्तावेजों की वांछनीय सूचीं निम्नलिखित है:-
1. बिकी विलेख/हस्तांतरण विलेख।
2. हस्तांतरण विलेख/त्याग विलेख/मुक्ति विलेख/जमाबन्दी/फरद।
3. राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेश।
4. रजिस्ट्री/बिक्री विलेख।

नोट :- मूल मालिक की मृत्यु में उपयुक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ-साथ सक्षम राजस्व प्राधिकरण / सिविल अदालत से जारी कानूनी / सिविल अदालत से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

सचिव,
नगर पालिका गन्नौर।

# रिश्वत लेते पुलिसकर्मी रंगे हाथों गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सीबीआई पिछले साल से दिल्ली पुलिस में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों की सक्रियता से जांच कर रही है। राजधानी दिल्ली में खाकी एक बार फिर से दागदार हुई है। इस से पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके है, जहां पर पुलिसकर्मी अपनी वर्दी का भाव दिखाते हुए लोगों से पैसे लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ताजा मामला दिल्ली के आउटर डिस्ट्रिक्ट स्थित राज पार्क थाने से सामने आया है, जहां सीबीआई की टीम को जानकारी मिली कि दीपक नाम का एक सब-इंस्पेक्टर जो कि शिकायतकर्ता से मामले को दबाने के लिए पैसों की डिमांड कर रहा है।

**जाल बिछाकर किया गिरफ्तारः** सीबीआई की टीम ने नोटों पर पाउडर लगाकर उसे शिकायतकर्ता को दिए, जहां जब शिकायतकर्ता मांगी गई रकम की पहली किस्त 7000 देने के लिए पहुंचा तो पैसे देने के कुछ ही मिनट बाद सीबीआई की टीम वहां पहुंच गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन** पुत्र **अजमेर** निवासी **गांव बड़ौदा, जिला जींद, हरियाणा** ने case **FIR No. 205/2024 U/s 33/110/115(2)/140(1)/311/310(2)/ 3/5 BNS & 25/27 Arms Act, थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 205/2024 U/s 33/110/115(2)/140(1)/311/310(2)/ 3/5 BNS & 25/27 Arms Act, थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 241
DP/450/N/2025(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **विष्णु** पुत्र **प्रवीन** निवासी **झुग्गी नं. आर-7, इन्द्रा कैम्प, सनलाईट कॉलोनी-II, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 303/2022 U/s 25 Arms Act/411 IPC,** थाना हजरत निजामुद्दीन, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **विष्णु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **विष्णु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 303/2022 U/s 25 Arms Act/411 IPC,** थाना हजरत निजामुद्दीन, **दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **विष्णु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री कार्तिक टपारिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं. 512
DP/514/SE/2025(Court Matter) साकेत कोर्ट काम्प्लेक्स, नई दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितु**, **पत्नीः** श्री जितेन्द्र, **पताः** मकान नं. एच-136, डीटीसी कॉलोनी, मॉडल टाउन, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 663/2020, U/s 323/341/506/34 IPC,** थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितु** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितु** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 663/2020, U/s 323/341/506/34 IPC,** थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रितु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी- 03
DP/497/NW/2025 (Court Matter) कोर्ट नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** S&T वर्क्स इन कनेक्शन विथ एलिमिनेशन ऑफ 09 LC गेट्स 1). LC no. 14(in delhi area) at Km 21/19-21, (2). LC no. 23 (in delhi area) at Km 37/27-29, (3). LC No. 54 at Km 90/29-31, (4). LC no. 66 at Km 112/3-5, (5). LC No. 101(M) at Km. 189/1-3, (6). LC No. 10 at Km 14/29-31, (7). LC No.15 (in delhi area) at Km 23/25-27, (8). LC No. 46 at Km 77/14-16. (9) LC no. 68 at Km 119/23-25. ऑल 09 इन दिल्ली-अंबाला सेक्शन ऑफ दिल्ली डिवीजन। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,14,23,094/- | |
| **धरोहर राशि :** रु. 2,07,100/- | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 10.01.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 03.02.2025, 15.00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

सं.: 558-Sig-16-M-TENDER-1440 दिनांकः 10.01.2025 128/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बारिश से बढ़ी ठिठुरन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को अचानक मौसम बदल गया और हल्की बारिश होने लगी। इस कारण दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में वर्षा होने लगी। इस वजह से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, हल्की से मध्यम बारिश वाला मौसम आज बने रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में सुबह से शीतलहर चल रही है। दिल्ली में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली-एनसीआर पिछले कुछ दिनों से घने कोहरे में लिपटा हुआ है। आज सुबह भी कोहरा रहा। कोहरे के कारण ट्रेन और फ्लाइट्स पर असर पड़ रहा है। जिस कारण यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग ने रविवार को भी कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही बूंदाबांदी की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली रडार एनिमेशन से पता चलता है कि सिस्टम दिल्ली-एनसीआर की ओर बढ़ रहा है। अगले 1-2 घंटों के दौरान दिल्ली और एनसीआर के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ हल्की आंधी और बिजली (25-40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाएं) आने की संभावना है।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधु महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# शराब नीति से हुआ 2026 करोड़ रुपये का राजस्व का घाटा: भाजपा

**गंभीर आरोप**

**कैग की रिपोर्ट पर भाजपा ने आआपा पर लगाए गंभीर आरोप, इनकी सरकार भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर शराब नीति के कारण 2,026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान होने का आरोप लगाया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि वे दिल्ली में पाठशाला बनाएंगे लेकिन इन्होंने मधुशाला बना दी। शराब नीति के कारण दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान हुआ। इसके कारण जांच हुई और आम आदमी पार्टी के आठ मंत्री, 15 विधायक जेल गए। इसलिए आप-दा को दिल्ली से जाना बेहद जरूरी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शराब घोटाले पर सीएजी द्वारा 10 मुख्य मुद्दों की जांच रिपोर्ट से साफ है कि इनकी सरकार भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबी हुई है। केजरीवाल को बताना चाहिए कि दिल्ली प्रदेश को 2026 करोड़ रुपये की राजस्व हानि हुई तो उस हानि का मुनाफा किसे हुआ? दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने पाठशाला बनाने की बात कहकर जगह-जगह मधुशाला खुलवा दी।

## भाजपा ने आआपा पर बांग्लादेशी घुपैठियों के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटर आईडी कार्ड को लेकर राजनीतिक दलों के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने जहां भाजपा पर यूपी-बिहार के लोगों के फर्जी वोटर बना कर बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया है वहीं भाजपा ने आआपा पर बांग्लादेशी घुपैठियों के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने का आरोप लगाया है। भाजपा मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शराब और स्वास्थ्य घोटाले के बाद आम आदमी पार्टी का एक नया और खतरनाक चलन सामने आ रहा है। फर्जी वोटों से जुड़ी जांच में पता चला है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी वोटर आईडी बनाने का अभियान और साजिश चल रही थी। इस संबंध में आआपा के दो विधायकों के हस्ताक्षर और मोहर वाले फॉर्म सामने आए हैं। ये विधायक मोहिंदर गोयल और जय भगवान उपकार हैं। इससे साफ पता चलता है कि वे क्यों अराजकता फैला रहे थे और उनके पीछे क्या छिपा मकसद था। यह स्पष्ट है कि देश विरोधी ताकतें, जो कई आतंकी घटनाओं में बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ शामिल रही हैं, अब आआपा के साथ मिल गई हैं। त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में फर्जी वोटों की जांच में पता चला है कि फर्जी आधार कार्ड बनाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर बनाए जा रहे हैं। आआपा देश विरोधी ताकतों का समर्थन ले रही है। अरविंद केजरीवाल के देश विरोधी ताकतों से प्रेम का राज क्या है? उन्हें पूर्वांचली लोगों से नफरत है।

# बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, नाबालिग घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में शुक्रवार रात बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस गोलीबारी में वहां टहल रहे 15 साल के नाबालिग लड़के के पैर में गोली लग गयी है। घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक यह नाबालिग लड़का अपने परिवारीजनों के साथ सीलमपुर के बी ब्लॉक में रहता है। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर गली में टहल रहा था। इस दौरान कुछ लड़के वहां पहुंचे और उन्होंने गली में अंधाधुंध फायरिंग की। इस दौरान उसे गोली लग गई। मामले की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को शास्त्री पार्क के जग प्रवेश



अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सीलमपुर थाना पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार मौके पर क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# अगले 1-2 दिन में बीजेपी के सीएम फेस का एलान: अरविंद केजरीवाल

**दावा**

**जनता के सामने भाजपा भी अपने सीएम चेहरों को लेकर आए और आप के सीएम चेहरे के साथ डिबेट कराए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बीजेपी के सीएम फेस से पर्दा हटाया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता के सामने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी अपने सीएम चेहरों को लेकर आए और आम आदमी पार्टी के सीएम चेहरे के साथ डिबेट कराए।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में पहले से ही तय था कि अरविंद केजरीवाल ही आम आदमी पार्टी की तरफ से सीएम चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी औपचारिक रूप से रमेश बिधूड़ी को अपना उट उम्मीदवार घोषित कर दे, तब वह सारे देश की मीडिया और जनता के सामने अअढ के उट उम्मीदवार के रूप में मुझसे बहस करें।
सीईसी की बैठक में हुआ फैसला: केजरीवाल
केजरीवाल ने कहा कि सूत्रों से उन्हें पता लगा है कि भाजपा की शुक्रवार को हुई सीईसी की बैठक में रमेश बिधूड़ी को दिल्ली में सीएम चेहरा घोषित करने पर फैसला हुआ है। उन्होंने कहा कि इसका ऐलान अगले एक या दो दिन में की जाएगी। उन्होंने मांग कि आम आदमी पार्टी और भाजपा के सीएम चेहरों के बीच दिल्ली के मुद्दों पर डिबेट कराई जानी चाहिए।

# राजधानी में रेप-मर्डर और छेड़छाड़ की घटनाओं में आई कमी

**आंकड़े**

**विपक्ष द्वारा अपराध को मुद्दा बनाने के बाद दिल्ली पुलिस ने क्राइम के आंकड़े जारी किए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा अपराध को मुद्दा बनाने के बाद दिल्ली पुलिस ने क्राइम के आंकड़े जारी किए हैं। इसके अनुसार साल 2023 की तुलना में 2024 में गंभीर किस्म के अपराधों में कमी आई है। स्ट्रीट क्राइम (सड़क पर होने वाले अपराध) झपटमारी के मामलों में भी कमी आई हैं। वाहन चोरी का ग्राफ भी गिरा है। पुलिस के अनुसार 2023 के मुकाबले 2024 में कई प्रमुख अपराधों में गिरावट आई है। हालांकि कुछ अपराधों की संख्या स्थिर रही है। इसके बावजूद कुल मिलाकर अपराध दर में सुधार दर्ज हुआ है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2024 में डकैती के मामले 29 पर स्थिर रहे, वर्ष 2023 में भी डकैती के इतने ही मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि हत्या जैसे बड़े अपराध के मामलों में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। 2023 में जहां 506 हत्याएं दर्ज की गई थीं, वहीं, 2024 में यह संख्या घटकर 504 रह गई। लूट के मामलों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में 1654 मामले दर्ज किए गए थे जबकि 2024 में यह संख्या घटकर 1510 रह गई। दुष्कर्म के मामलों की बात करें तो इनमें भी कमी आई है।

# पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करने से मना करने पर कैंची से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के कर्दमपुरी इलाके में शुक्रवार रात जींस सिलाई फैक्टरी में एक व्यक्ति ने अपने सहकर्मी दो कारीगरों पर कैंची से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ज्योति नगर थाना पुलिस ने पीड़ित आमिर का बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि दरअसल, हमलावर इस्तिकार ने अपने सहकर्मी आमिर की पत्नी पर अश्लील टिप्पणी की थी। विरोध करने पर इस्तिकार ने आमिर व उसके कजिन पर हमला किया। बाद में वह मौके से भाग गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटनाक्रम की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। डीसीपी ने बताया कि कर्दमपुरी इलाके में सरफराज नामक व्यक्ति जींस सिलाई की फैक्टरी चलाता है। इसके पास आमिर व इसका कजिन काम करते हैं। रात 10 बजे ये फैक्टरी में मौजूद थे। इस बीच इस्तिकार आमिर की पत्नी के बारे में अश्लील टिप्पणी करने लगा। यह बात उसे पसंद नहीं आई। आमिर ने पहले इस्तिकार को ऐसा न करने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माना। इस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी तो इस्तिकार ने अचानक मशीन पर रखी कैंची उठाई और आमिर पर हमला कर दिया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की दूसरी सूची

**घोषणा**

**किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा को शीर्ष कमान ने टिकट दिया**




**सूची**

**करावल नगर से कपिल मिश्रा को टिकट**
**नरेला से राज करण खत्री को मिला टिकट**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात को 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना, मादीपुर (अजा) से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली (अजा) से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा।

# चुनाव से पहले आप को झटका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली पुलिस ने आप पार्टी विधायक महेंद्र गोयल को नोटिस जारी किया है। उन्हें आज यानी शनिवार को ही पूछताछ के लिए बुलाया है। मोहिंदर गोयल रिठाला से विधायक हैं। इसके अलावा आप ने उन्हें इस बार के विधानसभा चुनावों में भी रिठाला से प्रत्याशी बनाया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों से जो दस्तावेज बरामद हुए हैं, उनमें गोयल के हस्ताक्षर और मुहर मिली है। बंगलादेशियों को फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एजेंट से पूछताछ में पदार्फाश हुआ है। बांग्लादेशियों के फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में रिठाला विधायक की भूमिक सामने आई है। एजेंट के पास से जब्त दस्तावेजों में मोहिंदर गोयल के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज बरामद हुए हैं।



**विधायक के स्टाफ से भी पूछताछ संभव**
विधायक का स्टाफ भी जांच के दायरे में आ गया है। पुलिस ने आप विधायक को शाम साढ़े 5 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। दक्षिण दिल्ली जिले की पुलिस अवैध बंगलादेशियो को बसाने के मामले में जांच कर रही है।
**कौन हैं मोहिंदर गोयल**
मोहिंदर गोयल रिठाला विधानसभा क्षेत्र से 2020 में दूसरी बार विधायक बने थे। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं।

# जहांगीरपुर एच ब्लॉक में शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क, सुनी समस्याएं

- दादा-पोते की जोड़ी ने विरोधियों की नाक में किया दम
- लोगों के बीच जाकर मंगत राम सिंघल ने ताजा की पुरानी यादें
- पूर्व मंत्री को अपने बीच पाकर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर











**जनसंपर्क**

**कांग्रेस ने ही किया दिल्ली में विकास कार्य: मंगत राम**
**कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है: शिवांक सिंघल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सरगर्मियां बढ़ती जा रही। विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार जनता के बीच देखे जा रहे और क्षेत्र की समस्याओं से वाकिफ हो रहे और वोट की अपील कर रहे।
इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में तेजी लाई है और जनता के बीच अपनी मजबूत मौजदूगी दर्ज कराने में कामयाब हुए हैं। साथ में कांग्रेस के दिग्गज नेता और शिवांक सिंघल के दादाजी मंगत राम सिंघल अपने तजुर्बे से शिवांक का मार्गदर्शन कर रहे। क्षेत्रवासी भी अपने बीच मंगत राम सिंघल को पाकर खुश दिखाई देतें हैं और तत्कालीन कांग्रेस सरकार को याद करते हैं।
**शिवांक सिंघल का हुआ भव्य स्वागत:** शिवांक सिंघल डोर-टू-डोर प्रचार अभियान को जारी रखते हुए लोगों के बीच पहुंचे। इस मौके पर शिवांक सिंघल को जनसंपर्क के दौरान भारी जनसमर्थन देखने को मिल रहा है। क्षेत्र की जनता शिवांक का फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन कर उनका स्वागत कर रही है। प्रचार के दौरान युवा शिवांक सिंघल के साथ पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल लॉगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करा रहे हैं।
**कांग्रेस ने ही किया दिल्ली में विकास: मंगत राम सिंघल**
मंगत राम सिंघल ने जनता के बीच तत्कालीन कांग्रेस सरकार की नीतियों को रखा और कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली का विकास किया था। वर्तमान सरकार ने तो दिल्ली का बेड़ागर्क कर दिया। लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा। घरों में गंदा पानी आ रहा। लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं और सरकार सिर्फ हवा-हवाई दावे करती है। मंगत राम सिंघल ने कहा कि दिल्ली में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूर्व सीएम शीला दीक्षित के कार्यकाल में मेट्रो प्रोजेक्ट शुरू किया, वहीं दिल्ली में फ्लाईओवर को जाल सिफ कांग्रेस सरकार की ही देन है।
**शिवांक सिंघल लोगों से घर-घर जाकर कर रहे जनसंपर्क** : कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए।
आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन से लेकर दिल्ली जल बोर्ड में भारी घोटाला हो रहा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किया है और मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद अमलीजामा पहनाउंगा।
शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण होगा।





# कम समय में करियर होप संस्थान ने बनाई अपनी बड़ी पहचान: विधायक विवेक शर्मा

समारोह

## 120 टॉपरों को बांटी 21 लाख की स्कॉलरशिप, दिए टेब व स्मार्ट वॉच

▶▶विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारे समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है।

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी



ऊना :करियर होप क्लासेज संस्थान ऊना ने बहुत की कम समय में अपनी बड़ी पहचान बनाई है। यह बात कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को रक्कड़ कॉलोनी के निजी होटल में संस्थान द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कही। समारोह में विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि शिक्षा उपनिदेशक सोमलाल धीमान, सेवानिवृत शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चौहान व संस्थान के एमडी विक्रम धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने करियर होप क्लासेज प्रथम स्कॉलरशिप के तहत 120 बच्चों को 21 लाख रुपये की स्कॉलरशिप दी। इसके अलावा टॉप 5 बच्चों को टेबलेट व 50 बच्चों को स्मार्ट वॉच सहित अन्यों को कैश प्राइज के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारे समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। आजकल शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह विद्यार्थियों को जीवन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराती है, उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करती है, और उनके भीतर आत्मविश्वास जगाती है। करियर होप क्लासेस इस दिशा में एक उत्कृष्ट प्रयास कर रही है, और यहां पर छात्र-छात्राएँ अपने सपनों को साकार करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। यह संस्थान न केवल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता प्रदान करता है, बल्कि यहां विद्यार्थियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और भविष्य के लिए उचित दिशा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि करियर होप क्लासेस के छात्र भविष्य में अपने माता-पिता और संस्थान का नाम रोशन करेंगे। संस्थान के एमडी विक्रम धीमान ने बताया कि प्रथम स्कॉलरशिप दो चरणों में आयोजित हुई। पहले चरण में ऊना के 140 स्कूलों के छह हजार बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें 1650 बच्चों की ऊना के करियर होप संस्थान में परीक्षा ली गई।
इस परीक्षा में 120 बच्चों को प्रथम स्कॉलरशिप के तहत 21 लाख रुपये वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भाति इस वर्ष भी बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया, जो कि भविष्य में नीट और जेई की परीक्षा क्लीयर करने में मदद करेगा। इस अवसर पर सुनैना शर्मा, विवेक, संजय संधू, सुनील धीमान, भावना सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बलग का घाट स्कूल के बच्चों ने चिल्ड्रन पार्क में किया एक दिवसीय भ्रमण

भ्रमण

▶▶इस एक दिवसीय भ्रमण की अगुवाई स्कूल के मुख्याध्यापक संजीव शर्मा द्वारा की गई।



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर :बिलासपुर सदर खंड के राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलग का घाट स्कूल के 20 बच्चों ने शनिवार को ग्राम पंचायत धार-टटोह के टटोह स्थित चिल्ड्रन पार्क का भ्रमण किया और वहाँ खेल-कूद तथा मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। इस एक दिवसीय भ्रमण की अगुवाई स्कूल के मुख्याध्यापक संजीव शर्मा द्वारा की गई।भ्रमण के दौरान शिव शक्ति युवक मंडल कवाली टटोह के प्रधान अभिषेक ठाकुर ने बच्चों और मुख्याध्यापक श्री संजीव शर्मा का स्वागत किया और उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिषेक ठाकुर ने कहा, ऐसे प्रयास बच्चों के मानसिक, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। बच्चों के विकास के लिए संजीव शर्मा ने छुट्टी के दिन भी समय निकाला और बच्चों को टटोह स्थित चिल्ड्रन पार्क में मनोरंजन के लिए लेकर आए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में ऐसे शिक्षक होने चाहिए जो बच्चों को न केवल पढ़ाई में, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें।इस दौरान बच्चों ने पार्क में स्थित झूलों का जमकर आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ खेलकर मजे किए। मुख्याध्यापक संजीव शर्मा ने बताया कि यह भ्रमण एक पहली कोशिश थी और भविष्य में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसी तरह के और भ्रमण आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी आनंद ले सकें।यह प्रयास बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक साबित होगा और उन्हें समग्र रूप से विकसित करने में मदद करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### जेजवीं में सम्मानित किए 70 वर्ष आयु पूरी कर चुके पैंशनर्जटीम एक्शन इंडिया

बिलासपुर
कश्मीर ठाकुर : पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जेजवीं इकाई की बैठक प्रधान भाग सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें राज्य महामंत्री ठाकुर हुकम सिंह, जिला प्रधान जगदीश दिनेश, संगठन सचिव गोपाल दास शर्मा, सचिव घुमारवीं खंड नरोत्तन दत्त धीमान, सचिव कंदरौर इकाई बालक राम कटवाल और पवन शर्मा गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन करते हुए खंड सचिव इंद्र सिंह डटवालिया द्वारा बैठक में दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जेजवीं इकाई के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर हुकम सिंह ने शिरकत की और 70 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को सम्मानित किया गया। जिसमे राम प्यारा, अमर सिंह, नन्द लाल, धर्म सिंह, प्रेम सिंह, गुरबख्श सिंह, लक्ष्मी देवी और अस्सी वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत गीता देवी को सम्मानित किया गया। बैठक में इकाई के प्रधान भाग सिंह ने आय व्यय का लेखा जोखा रखा गया जिसे उपस्थित समस्त पेंशनरों द्वारा एक स्वर से पारित कर दिया। तदोपरान्त प्रधान भाग सिंह ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करके आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव करवाने की घोषणा करते हुए जिला प्रधान की देख-रेख में इकाई के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न करवाये गए। जिसमे प्रधान भाग सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान इंद्र सिंह, उपप्रधान रामजी दास, राम लाल, पुरुषोत्तम दत्त शास्त्री व प्रकाश सिंह कैथल, सचिव बली राम, वित्त सचिव रणजीत सिंह, लेखा परिक्षक धर्म सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार भगत राम शर्मा, मुख्य संरक्षक जीत राम, संगठन सचिव रजनी देवी, लक्ष्मी देवी, कौशल्या देवी को नियुक्त किया गया।

### मंदली से किशोरी हुई लापता, पुलिस ने शुरू की जांच

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना :पुलिस थाना बंगाणा के अंतर्गत मंदली की एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने बंगाणा पुलिस के पास बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लापता बेटी की तालाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नीरज कुमार निवासी उत्तर प्रदेश ने बताया कि पिछले काफी समय से मंदली गांव के टिहरा में किराए के मकान में परिवार सहित रहता हूं। मेरी लडकी एक सप्ताह पहले 3 जनवरी को सुबह स्कूल पढ़े? गई थी, लेकिन अब तक वापिस घर नहीं पहुंची। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर अपने रिश्तदारों के पास ढूंढने की कोशिश की, लेकिन बेटी का अभी तक कोई भी अता-पता नहीं चल पाया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर बेटी की तलाश शुरू कर दी है।

### सुमन लता बनी आशा कार्यकर्ता संघ की अध्यक्षा

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना :आशा कार्यकर्ता संघ ऊना का त्रैवार्षिक अधिवेशन भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हकीकत राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आशा कार्यकर्ता संघ हिमाचल प्रदेश की महामंत्री शशी लता की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सुमन लता को अध्यक्ष नीर देवी को कार्यकारी अध्यक्ष, सोनिया देवी को सचिव, सुष्मा को सहसचिव, बबीता को उपाध्यक्ष, मीना कुमारी, दलजीत, रामप्यारी और चंचला देवी को संगठन मंत्री, पूजा, तिलको देवी व अंजना देवी सह सचिव, बीना देवी को कोषाध्यक्ष, पवना और कविता को प्रेस सचिव चुना गया। वहीं रंजना, लता देवी, अनिता, मीना देवी, पूनम देवी, किरण कुमारी, बलविंद्र कौर को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश सचिव सुमन संदल, उत्तरी क्षेत्र के सहसंगठन मंत्री राकेश शर्मा, जिला ऊना मंत्री हरिकृष्ण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# डीसी इलेवन पर भारी पड़ी पुलिस इलेवन की टीम, 17 रनों से दर्ज की जीत

मंडी/टीम एक्शन इंडिया
थर्ड बटालियन पंडोह के मैदान में 9 दिवसीय डिपार्टमेंटल क्रिकेट मेनिया शनिवार से शुरू हो गया। इस क्रिक मेनिया में 16 विभागों की टीमें भाग ले रही हैं जिसका विधिवत शुभारंभ डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने किया। पहला मैच डीसी इलेवन और पुलिस स्पेशल विंग के बीच खेला गया। पुलिस की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी और निर्धारित 15 ओवरों में 110 रन बनाकर 111 रनों का लक्ष्य डीसी इलेवन के समक्ष रखा। डीसी इलेवन की टीम 15 ओवरों में 93 रन ही बना पाई और इस तरह पुलिस स्पेशल विंग की टीम ने इस मैच को 17 रनों से जीत लिया। डीसी इलेवन की टीम से डीसी मंडी भी मैदान में थे। बॉलिंग में उन्होंने 2 ओवरों में 15 रन देकर 1 विकेट झटका जबकि बैटिंग में वे छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने मैदान में उतरे और 6 गेंदों में 4 रन बनाकर नॉआउट रहे। डीसी मंडी ने कहा कि यह एक प्रयास है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को मानसिक तनाव से दूर रखकर खेलों के साथ जोड़ा जा सके। इसके माध्यम से युवाओं को भी नशे जैसी कुरीति से दूर रहकर खेलों के साथ जुड़े? का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। अपूर्व देवगन ने बेहतरीन आयोजन और बेहतरीन क्रिकेट ग्राउंड व पिच के लिए थर्ड बटालियन के कमांडेंट पदम चंद की पीठ भी थपथपाई।

# एबीवीपी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली संदेश यात्रा

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी



ऊना :अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऊना इकाई द्वारा शनिवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में ऊना शहर में एक संदेश यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में एबीवीपी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। एबीवीपी इकाई ऊना के अध्यक्ष इशांत रायजादा ने बताया कि हर वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।
उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के ऐसे संतों में से एक हैं, जिन्होंने पूरे विश्व में भारत व भारतीयता का झंडा गाड? का काम किया। जब भारत के गौरवशाली इतिहास को कुछ फर्जी इतिहासकारों, मुगलों व अंग्रेजों द्वारा दबाने का प्रयास कर भारत को सपेरों व गडरियों के देश की संज्ञा दी गई, तो उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास का वर्णन समूचे विश्व के सामने रखा। शिकागो धर्म संसद में उन्होंने पूरे विश्व के सामने भारत व हिंदू धर्म का डंका बजाया। वहीं इकाई मंत्री सूर्य शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती को युवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। इस दौरान विभिन्न तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद ऊना इकाई द्वारा विभिन्न तरह के रचनात्मक कार्यक्रम खेल प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर आदि लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अभिषेक बसरा, आदित्य, सूरज, राहुल, साहिल, कन्नु, आशु, अनुराग, अक्षय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रीत, काव्या, आरुषि, नेहा व नित्या को योग स्पोर्ट्स में स्वर्ण

टीम एक्शन इंडिया
इंदौर कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं श्री वैष्णव एकेडेमी द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इंटर स्कूल स्वामी विवेकानंद योग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के 08, 10, 12, 14 एवं 16 आयु वर्ग में क्रमशः रीत श्रीवास्तव, काव्या भट्ट, आरुषि भदौरिया, नेहा सेनापति व नित्या भदौरिया ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया ।
विजेता खिलाड़ियों को मप्र योगा एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, समाजसेवी आनंद श्रीवास्तव, ईश्वर बाहेती, ईश्वर सिंह चौहान, श्री वैष्णव एकेडमी अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, प्राचार्य ललित कुमार गुलवाने, उपप्रधानाचार्या रिचा तिवारी, नवीन गौड़, राधेश्याम शर्मा ने पुरस्कृत किया ।
अतिथियों का स्वागत विक्रम अवॉर्डी रोहित बाजपई, प्रदीप तिवारी, विकास कुशवाह आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन रुद्राक्ष शर्मा एवं आभार प्रदर्शन मानसी बागोरा ने किया ।
प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है-बालिका वर्ग- वझ08झ रीत श्रीवास्तव स्वर्ण, शरण्या राठौर रजत, गुंजन धांजे कांस्य ।
वझ10 झ काव्या भट्ट स्वर्ण, हरिप्रिया दुबे रजत, तपफा खान कांस्य। वझ12 झ आरुषि भदौरिया स्वर्ण, एलिशा शर्मा रजत, वेरोनिका जाखेटिया कांस्य। वझ14झ नेहा सेनापति स्वर्ण, हर्षी सिंह शेष रजत, समृद्धि बघेल कांस्य। वझ16झ नित्या भदौरिया स्वर्ण, देवीशी गुप्ता रजत, रैनी धारीवाल कांस्य।

# हरोली में आज से होगा सांसद खेल महाकुंभ का आगाज

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना :हरोली विधानसभा मे सांसद खेल महाकुंभ पार्ट-3 12 जनवरी से शुरू हो रहा है जिसका शुभारंभ ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती करेंगे। यह प्रतियोगिता पीसीपीए स्टेडियम टाहलीवाल में होगी। हरोली भाजपा के प्रवक्ता लखबीर लक्खी ने बताया कि हरोली विधानसभा में क्रिकेट, कबड्डी, बालीवाल के टूनामेंट करवाए जा रहे है, जोकि लगभग एक माह तक चलेंगे। इस खेल महाकुंभ मे दर्जनों टीम भाग ले रही है।

# ग्रामीण क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है परमार्थ स्कूल :कैप्टन रणजीत सिंह



टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ
हमीरपुर : परमार्थ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककडि?र का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया गया, जिसमें सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि परमार्थ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उनके घर के पास ही बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस स्कूल के मेधावी बच्चों ने सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा स्कूली शिक्षा के बाद विभिन्न क्षेत्रों में भी ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं। इसके लिए स्कूल प्रबंधन, सभी शिक्षक, विद्यार्थी और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बहुत ही सराहनीय निर्णय ले रहे हैं। इससे आम परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ? के अवसर मिलेंगे।उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि परमार्थ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्रामीण को सीबीएसई बोर्ड की सुविधा प्रदान कर रहा है। यहां बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। इससे विद्यार्थी स्कूली शिक्षा के बाद किसी भी क्षेत्र में अपने लिए बेहतर भविष्य बना सकते हैं। संस्थान के कई विद्यार्थी मेडिकल कॉलेजों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा चुके

# हटली में सांसद खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी



ऊना :कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत हटली में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ शुरू हुआ। खेल महाकुंभ का शुभारंभ पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, फुटबॉल और तीरंदाजी के मुकाबले होंगे। इन खेलों में क्षेत्र के करीब 1200 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें युवा और वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, दृढ़ता और टीम भावना का माध्यम है। यह हमारे समाज के युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल खिलाडि?ों के लिए एक मंच है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का भी माध्यम बनेगा। कंवर ने कहा कि भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से सांसद खेल महाकुंभ में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण इलाकों में ऐसी प्रतिभाएं हैं, जिन्हें सही मंच और अवसर मिलने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर सकती हैं। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में विभिन्न प्रतियोगताओं में 82 टीमें हिस्सा ले रही हैं।
इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, मदन राणा, राजेंद्र ठाकुर, सुनील शारदा, मनु बांका व मदन गोपाल के अलावा अन्य उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण मंत्री ने सुन्नी में आयोजित महिला सम्मेलन में की मुख्यातिथि के रूप में शिरकत

टीम टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा
शिमला : लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत सुन्नी में बसंतपुर खंड की 81 महिला मंडलों के लिए आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।
इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का परिवार एवम् समाज में अहम स्थान है इसलिए वर्तमान सरकार महिलाओं के उत्थान एवम् उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उनके अधिकार सुरक्षित करने के लिए महिला सशक्तीकरण बहुत आवश्यक है सरकार का प्रयास है कि महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित की जाए, इसके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ चलाई गई है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है ताकि महिलाएं चुनाव लड़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर घर-गांव एवं समाज का विकास कर गर्व महसूस कर सके। उन्होने कहा कि महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी सब्जी एवं फल विक्रय के साथ साथ सिलाई-बुनाई-कढ़ाई व अन्य आकर्षक चीजें तैयार कर स्वरोजगार के कार्य बखूबी निभा रही है, जिसके लिए उन्होंने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि सरकार भी हिमईरा योजना के



माध्यम से स्थानीय व्यंजनों तथा उत्पादों को बेचने के लिए महिला मण्डलों एवं स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित कर रही है ताकि उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हो सके और वे समृद्ध हो सके। उन्होंने बसंतपुर खण्ड की आमंत्रित सभी 81 महिला मण्डलों को एकमुश्त सिलाई मशीन तथा प्रोत्साहन राशि के रूप में 5-5 हजार रुपये की राशि तथा स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के लिए 5 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। इससे पूर्व लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने सुन्नी में 70 लाख रुपए की लागत से अपग्रेड किए जा रहे सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-लुहरी संपर्क सड़क की आधारशिला रखी तथा 30 लाख रुपए की लागत से सुन्नी में निर्मित पशुपालन हस्पताल के नए भवन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन दो वर्षों के दौरान शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगभग 350 से 400 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत प्रदेश में 1500 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों का निर्माण किया जाएगा जिसमें कच्ची सड़कों को पक्का किया जाना भी शामिल है । उन्होंने कहा कि सुन्नी में एक रिवर फ्रंट मनाया जाएगा तथा पर्यटन की दृष्टि से जल क्रीड़ाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा जिससे रोजगार एवम् स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।
उन्होंने कहा कि सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-लुहरी संपर्क सड़क सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण सड़क है इसलिए इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग में परिवर्तित किया जाएगा जिसके लिए भारत सरकार के सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय से वार्ता जारी है इस सड़क के राष्ट्रीय उच्च मार्ग में परिवर्तित होने से एक तो चंडीगढ़ से लुहरी-रामपुर-किन्नौर की दूरी बहुत कम हो जाएगी दूसरा स्थानीय लोगों बेहतर सड़क सुविधा मिलने के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण इस सड़क को खैरा तक चौड़ा एवम् पक्का किया जाए रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा पिछले काफी समय से इस क्षेत्र के लोगों का सुन्नी में एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग को देखते हुए सरकार ने कैबिनेट से एसडीएम खोलने की स्वीकृति दे दी है शीघ्र ही नोटिफिकेशन कर सुन्नी में एसडीएम कार्यालय का शुभारंभ कर दिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि अमरूद योजना के तहत सुन्नी शहर तथा साथ लगते क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त पेयजल मिले इसके लिए 25 करोड़ रुपए की राशि से पेयजल योजना का निर्माण कार्य जारी है।

# समाज भलाई के हर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि घरौंडा हलके के लोगों के आशीर्वाद से शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें स्पीकर के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी है, इसके बावजूद वे यहां के लोगों के लिए समय में कोई कटौती नहीं करेंगे। समाज भलाई के हर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने घरौंडा हलका को हमेशा अपना परिवार माना है।



हरविंद्र कल्याण आज घरौंडा में प्रजापति समाज और कश्यप समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उनका पगड़ी पहनकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि वे पहले भी आपके साथ थे और आगे भी साथ रहेंगे। पिछले 10 सालों में हलके में अधिकाधिक विकास कार्य करने का प्रयास किया गया। इस अवधि में देश व प्रदेश में अनेक व्यवस्था परिवर्तन किए गए। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने धींगा मस्ती को खत्म किया है। आज हरियाणा में योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है। ऑनलाइन सेवाओं के कारण पेंशन भी सीधे बुजुर्गों के खाते में पहुंच रही है। हलके में 10 सालों में नए अस्पताल, कॉलेज, बस अड्डा, आईटीआई, मेडिकल यूनिवर्सिटी बनवाई गई। सड़कों को चौड़ा कराया गया। करीब 50 कालोनियों को अप्रूव्ड कराया गया। इतना ही नहीं सरकार ने राशन प्रणाली को भी सुव्यवस्थित किया है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि सेवा करने के लिए बड़ी बातें करने की जरूरत नहीं होती, भावना सही होनी चाहिए। चुनाव में सरकार के कार्यों पर लोगों ने मुहर लगाई है। यह सरकार सबका ध्यान रखने वाली है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील भी की। नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता ने कहा कि स्पीकर हरविंद्र कल्याण बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। दस साल पहले यह हलका विकास में पिछड़ा हुआ था, लेकिन हरविंद्र कल्याण ने अनेक विकास कार्य करवाकर हलके का नक्शा ही बदल दिया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, मंडल महामंत्री नरेंद्र प्रजापति, प्रजापति धर्मशाला सभा के प्रधान ओमपाल प्रधान, पार्षद सोमनाथ प्रजापति, बलबीर, रूपचंद, तिलकराज, नरेश, जगदीश राणा, आरडी कश्यप, गुलाब सिंह, जिला सचिव सोनिया कश्यप, प्रताप, विनोद, राजेंद्र कश्यप, दरियाव सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

# अन्नकूट प्रसाद वितरण कर रामलला को किया गया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । श्री राम मंदिर** अयोध्या धाम प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर व्यापारियों द्वारा अन्नकूट के प्रसाद का वितरण कर रामलला को नमन किया गया। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरा होने पर पूरे देश में 11 जनवरी को वर्षगांठ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका के प्रधान रमेश सैनी व राज्य की सांस्कृतिक गतिविधियों के नोडल अधिकारी, याहा के निर्देशक अनिल कौशिक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनोहर लाल झुकियां व राम जीवन मित्तल अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। प्रबंधक



कमल सैनी ने बताया कि हम सबके आराध्य भगवान राम के अयोध्या धाम की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत और पावन अवसर पर अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अनिल कौशिक ने आयोजकों को भगवान राम की प्रतिमा देकर सम्मानित करते हुए कहा कि सनातन धर्म हम सबकी आस्था के अनुरूप दिव्य भारत का निर्माण करता है। इस अवसर पर राजेश सैनी, नितिन राजस्थानी, जगराम सैनी, एम एल शर्मा, विकास तिवाड़ी, अशोक जांगड़ा, प्रमोद तिवाड़ी, विकास अग्रवाल, नितिन शर्मा, दिनेश यादव, सोनू सोनी, अशोक बचावसिया, कैलाश चंद सैनी, डॉ धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# इन्द्री के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी : रामकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक एवं चीफ** व्हिप हरियाणा सरकार रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र इंद्री के गढ़ीबीरबल ग्राम पंचायत के गांव खरक में 32 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बीसी चौपाल के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास कर गांववासियों को सौगात दी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे समय समय पर इस बनने वाली कश्यप चौपाल का निरीक्षण करते रहें। रामकुमार कश्यप ने कहा कि इंद्री विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य करवा चुके हैं व आगे भी विकास कार्य ऐसे ही जारी रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रदेश में उनके नेतृत्व में चल रही सरकार हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक वर्ग के हित में किसी न किसी रूप में विकास योजनाएं चलाई हैं, जिसका सीधा-सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हलके में होने वाले विकास कार्यों में धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# मां-बेटी ने निगला जहर, दोनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक महिला** ने पति और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ जहर खा लिया। पति जर्मनी से लौटने के बाद उसे घर छोड़ने और तलाक देने का दबाव बना रहा था। महिला ने अपने पिता को फोन कर परेशानी की जानकारी दी थी। जब पिता समझाने पहुंचे तो महिला के पति और ससुरालीजनों ने महिला को घर ले जाने की बात कह दी। कुछ दिन बाद पति ने फोन पर बताया कि महिला ने जहर खा लिया है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में ले जाया गया, जबकि बेटी को करनाल के



कल्पना चावला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मां-बेटी दोनों की मौत हो गई। महिला के पिता ने दामाद और उसके परिवार पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति, सास और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के मायके वालों ने बताया है कि कुरुक्षेत्र निवासी 30 वर्षीय अंजु देवी की शादी जिले में बसताड़ा के कुलदीप से करीब 12 साल पहले हुई थी। अंजु के 3 बच्चे थे। 10 वर्षीय बेटी जैस्मिन, 9 वर्षीय जानवी और 7 वर्षीय बेटा सम्राट। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि करीब 4 सालों से कुलदीप का किसी अन्य महिला के साथ संबंध था। इसके चलते कुलदीप ने अंजु को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। दो साल पहले वह विदेश चला गया और पत्नी-बच्चों का खर्च उठाना भी बंद कर दिया। 31 दिसंबर 2024 को जर्मनी से लौटने के बाद उसने अंजु को घर से निकालने और तलाक देने की बात कही। अंजु ने अपने पिता बलवान सिंह को फोन कर अपनी समस्या बताई। पिता 5 जनवरी 2025 को अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे और कुलदीप व उसके परिवार से घर बसाने की बात की। हालांकि कुलदीप और उसके परिवार ने इसे सिरे से नकारते हुए अंजु को अपने साथ ले जाने की बात कही।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर 1 के सामने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**गन्नौर । बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र गेट नंबर 1 के सामने पैदल सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक भी घायल हो गया। बड़ी गांव के सरपंच ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सरपंच अरुण त्यागी ने बताया कि बुधवार शाम वह गांव लड़सौली की ओर जा रहे थे। जब वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर 1 के सामने पहुंचे तो देखा कि दिल्ली की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार बाइक चालक एक पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर गिर गया। इस हादसे में पैदल यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक को हल्की चोटें आईं। घायल व्यक्ति को सिविल अस्पताल सोनीपत भेजा। बाइक चालक ने अपना नाम नितिन निवासी समालखा बताया। वहीं मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। पुलिस ने शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मृतक की पहचान में जुटी है।

### ग्रीन बेल्ट पर अवैध कालोनी काटने की तैयारी, डीटीपी विभाग ने जारी किया नोटिस

**गन्नौर। जीटी रोड** गन्नौर पर स्थित ग्रीन बेल्ट में अवैध कालोनी काटने का मामला सामने आया है। कुछ कालोनाइजर ने ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से प्लाट काटने का काम शुरू कर दिया है। जबकि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बनाए रखने के उद्देश्य से यहां किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीटीपी विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है । डीटीपी अजमेर सिंह ने बताया कि संबंधित कालोनाइजर को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य तुरंत नहीं रोका गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अवैध कालोनी अथवा ग्रीन बेल्ट में प्लाट खरीदने से बचें और केवल वैध दस्तावेजों वाली संपत्तियों में ही निवेश करें।

### आर्य समाज मन्दिर, किशनपुरा मण्डी के वार्षिक उत्सव व लोहड़ी कार्यक्रम 10 से

**गन्नौर । आर्य समाज मन्दिर**, किशनपुरा मण्डी गन्नौर के वार्षिक उत्सव व लोहड़ी व मकर सक्रन्ति पर्व पर 10 से 12 जनवरी तक यज्ञ भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । जानकारी देते हुए संरक्षक सुरेश बत्रा ने बताया कि वैदिक सिद्धान्तों पर प्रवचन होंगें, जिसमें शान्ति कैसे प्राप्त हो, सांसारिक परेशानियों से कैसे बचें, स्वस्थ कैसे रहें , बच्चे संस्कारित कैसे बनें, परिवार सुखी कैसे बने आदि के बारे में बताया जाएगा । आमन्त्रित वैदिक विद्वान ,यज्ञ के ब्रह्मा, भजनोपदेशक आचार्य डॉ सुश्रुत सामश्रमी शास्त्री पानीपत, धनश्याम प्रेमी, संतोष आर्या, सत्यकरण दीवान होंगे। सुरेश बत्रा ने बताया कि आर्य समाज मन्दिर में प्रतिदिन हवन किया जाता है ।

### बूंदाबांदी से मौसम पलटा, कड़ाके की ठंड बढी , गेहूं की फसल को होगा फायदा

**गन्नौर । शनिवार को** दोपहर बाद हुई बूंदाबांदी से जहां मौसम ने पलटी मारी वहीं कड़ाके की ठंड पड़ गई।?कृषि विशेषज्ञ बरसात को फसलों के लिए रामबाण बता रहे हैं। उनका कहना है कि सबसे ज्यादा फायदा गेहूं की फसल को है। शनिवार को सुबह से ही आसमान में बरसात के बादल छाने लगे थे। दोपहर बाद सूर्य देव के बिल्कुल दर्शन नहीं हुए और ठंड बढ़ने के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई । इससे तापमान गिरने पर ठंड बढ़ गई। ज्यादातर लोग घरों में ही घुसे रहे। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव के पास भी बैठे रहे। वहीं बूंदाबांदी होने से किसान फसलों को लेकर खुश हैं। उनका कहना है कि जनवरी की शुरूआत में ही क्षेत्र में बरसात हुई थी। उसके बाद अब बूंदाबांदी हुई है। किसान प्रेम राठी, रमेश ,राजेंद्र का कहना है कि यह मौसम फसलों के लिए बहुत अच्छा है। सबसे ज्यादा फायदा गेहूं की फसल को होगा। वातावरण में मौजूद नाईट्रोजन बरसात से नीचे आ जाती है। इसका फसलों में फायदा है। किसान कृष्ण, रामकुमार, सुनील ने कहा कि गेहूं के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। जितनी मौसम में ठंडक होगी, फसल के लिए उतनी ही फायदेमंद है।

# स्वास्थ्य केंद्र के लिए 3 करोड़ 58 लाख रुपए का टेंडर मंजूर : कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई से विधायक** कृष्णा गहलावत ने बताया कि नाहरी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 3 करोड़ 58 लाख रुपए का टेंडर मंजूर हो गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे नाहरी व आसपास के गांव को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। वहीं गांव को सौगात मिलने पर शनिवार को नाहरी गांव के सैकड़ों लोगों ने विधायक निवास पहुंचकर उनका धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यह टेंडर विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत के प्रयास से मंजूर हुआ है। विधायक ने बताया कि आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए 3,58,63,280



रुपएं का टेन्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि वह राई हलके के विकास को लेकर पूरी तरह से कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी गांव में जितने भी विकास कार्य है हैं वह सभी जल्द से जल्द पूरे किए जाएंगे। विकास कार्यों को लेकर वह स्वयं प्रतिदिन निगरानी करती हैं और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी देती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह गांव के विकास कार्यों को लेकर जो भी समस्याएं हैं उन्हें बताएं ताकि उनका स्थानीय स्तर पर और चंडीगढ़ स्तर पर तुरंत समाधान करवा सकें। इस मौके पर सरपंच वर्षा रानी, पदम सिंह दहिया, राहुल दहिया, प्रीतम, कुलदीप ठेकेदार, मास्टर बलजीत, नीरज नाहरी, जगबीर मास्टर, जयप्रकाश दहिया आदि मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तिरंगा वस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आरंभ विशेष प्रोजेक्ट के साथ किया गया। इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही व नैशनल डायरेक्टर महेश हसीजा उपस्थित रहे। विभिन्न चौराहों पर अपनी ड्यूटी कर रहे ट्रफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के पालन में मुख्य भूमिका निभाते हैं और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के विशेष अवसर पर ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने वालों का सम्मान करना कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी से 18 जनवरी तक मनाया जाएगा। एंटी करप्शन इंडिया एवं ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा पूरा सप्ताह प्रोजेक्ट चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाएगा।

# सतनाली से खाटूश्याम के लिए जाएंगी सीधी रोडवेज बस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। विधायक कंवर** सिंह यादव ने शुक्रवार को सतनाली बस स्टैंड से खाटूश्याम जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने बताया कि खाटूश्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था है।

वहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सतनाली से बस सुविधा नहीं मिलने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सतनाली से खाटूश्याम मंदिर के लिए बस को रवाना किया, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामान नही करना पड़ेगा। युवा ही नहीं, बच्चे एवं महिलाएं भी पैदल ही श्याम धाम जा रहे हैं। इसके अलावा ऐसे भी श्याम भक्त हैं, जो रेल एवं बसों से खाटू धाम पहुंच रहे हैं। इन्हीं भक्तों की मांग को देखते हुए रोडवेज विभाग ने सतनाली से सीधी खाटूश्याम की बस सेवा शुरू की है। श्रद्धालुओं को बस सेवा मिलने से उनमें खुशी की लहर है। इस अवसर पर भागीरथ, योगेश शास्त्री, रवि जड़वा, रोडवेज विभाग के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# असन्ध हलके का विकास करवाना प्राथमिक ध्येय: योगेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध विधानसभा** से विधायक योगेंद्र राणा ने अपने असंध विधानसभा क्षेत्र के धन्यवादी दौरे के दौरान गांव खिजराबाद का दौरा किया और विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक जीत के बाद आज अपने असंध विधानसभा क्षेत्र में अपने क्षेत्रवासियों के बीच आभार प्रकट किया।उन्होंने ग्रामवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों का विधानसभा चुनाव के दौरान अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट किया और लोगों के बीच पहुंचकर ग्राम वासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए



मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। योगेंद्र राणा ने कहा कि यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। इस दौरान उन्होंने सरपंच खिजराबाद द्वारा प्रस्तावित गांव के विकास कार्यों को स्वीकार कर उन्हें जल्द करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर गांव खिजराबाद में आयोजक जोगिंदर सिंह, खिजराबाद सरपंच संदीप, सुरजीत सिंह, पवन सिंह, सतनाम सिंह, रेशम सिंह मेंबर, पूर्व सरपंच लखा सिंह, गुरचरण सिंह, सरपंच रतक वीरेंद्र सिंह, सरपंच डेरा गामा अमृतपाल सिंह और वेदपाल सिंह सहित अन्य ग्रामवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मानवता जनशक्ति फाउंडेशन कर रही है मानवता कल्याण के लिए कार्य**

असंध विधायक योगेंद्र राणा ने शनिवार को असंध में मानवता जन शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

# हेमसा खंड कनीना के प्रेस सचिव बने पंकज यादव, कविता महिला संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सर्व कर्मचारी** संघ से संबंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यालय के सहायक एवं हेमसा के वरिष्ठ पदाधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने की। बैठक में हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ ने समय-समय पर संघर्ष करके हमें पुरानी पेंशन नीति, एक्सग्रेसिया नीति, शिक्षा, चिकित्सा, एचआरए, सीसीएल, अर्रेड लीव सहित अनेक लाभ दिलवाए थे। लेकिन वर्तमान हालात कर्मचारी



विरोधी हो रहे है। सरकार ने पुरानी पेंशन, एक्सग्रेसिया नीति को बंद करके तथा रेगुलर पदों पर एचकेआरएन के तहत भर्ती करके कर्मचारी विरोधी होने का प्रमाण दिया है। पांचवें वेतन आयोग से चली आ रही वेतन विसंगतियों के चलते लिपिक का वेतनमान ग्रुप-सी में सबसे निचले स्तर पर आ गया है। जो कभी जेबीटी शिक्षक से अधिक होता था। वर्तमान में लिपिक का मूल वेतन 01/01/2016 से 35400 रुपये बनता है। 2020 में चले ट्रांसफर ड्राइव में लिपिकों का तबादला 200 से 250 किलोमीटर दूर कर दिया। कर्मचारियों को समय पर एसीपी व पदोन्नति का लाभ नही मिलता। एक लिपिक 31 साल के बाद भी लिपिक पद से ही सेवानिवृत्त हो जाता है। जिसके चलते फील्ड के कर्मचारियों में सरकार व उच्च अधिकारियों के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि मांग पत्र में शामिल सभी मांगों को पूरा करवाने के लिए 30 जनवरी को निदेशक सेकेंडरी पंचकूला पर प्रदेशभर से हजारों कर्मचारी हल्ला बोल प्रदर्शन में शामिल होकर सरकार के खिलाफ रोष जताएंगे। इसलिए कनीना खंड से भी अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी पंचकूला पहुंचे। बैठक के बाद में हेमसा खंड कनीना की वर्तमान कमेटी का कार्यकाल तीन वर्ष पूरा होने तथा आगामी त्रिवार्षिक कमेटी का गठन सर्व सम्मति से करने का फैसला लिया गया। इस कमेटी में ओमप्रकाश शर्मा सहायक बीईओ कनीना को कोषाध्यक्ष, उपेंद्र को प्रधान, कविता को महिला विंग की संयोजक, धर्मबीर को उपप्रधान, पंकज यादव को प्रेस सचिव व सोमवीर को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**विरोध**

**एक्सग्रेसिया नीति को बंद करके तथा रेगुलर पदों पर एचकेआरएन के तहत भर्ती करके कर्मचारी विरोधी होने का प्रमाण दिया**

# कड़ाके की ठंड में 108 मटके पानी से स्नान कर तपस्या कर रहे बाबा सुशील नाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । कड़ाके की ठंड में ठंड गांव राजलू गढ़ी में बाबा** प्रेमनाथ की समाधि पर 41 दिन की सुबह ब्रह्ममुहूर्त में ही 108 घड़े मटकों में भरे ठंडे पानी से स्नान कर तपस्या कर रहे है। बाबा सुशील नाथ द्वारा किए जा रहे विशेष अनुष्ठान को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शीतल जलधारा तपस्या के खुले आसमान के नीचे हठयोग विधि से बाबा सुशील नाथ महाराज मिट्टी के मटकों में भरे शीतल जल से स्नान करते हैं । विशेष अनुष्ठान के दौरान बाबा सुशील नाथ का



आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब बाबा की जलधारा तपस्या के दौरान भगवान का सिमरन करते हैं। तपस्या पूरी होने पर बाबा सुशील नाथ अपने आशीर्वचनों में जीवन को सही दिशा में अग्रसर करने के महत्व पर जोर दिया । उन्होंने कहा, कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक निर्धारित लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए, चाहे जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, दिन में 24 मिनट भगवान के नाम का जाप करना चाहिए, यह माला जाप न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि जीवन में सकारात्मकता भी लाता है । बाबा सुशील नाथ की जलधारा तपस्या पूरी होने पर बाबा प्रेमनाथ की समाधि पर आज रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

ACTION INDIA नई दिल्ली, 12 जनवरी 2025 दैनिक एक्शन इंडिया www.actionindialive.com

# संपादकीय

## संयम के साथ सच का साथ दीजिए

**यह कहावत** एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है' और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है।

# खेतड़ी नरेश ने दिया था स्वामी विवेकानन्द नाम



रमेश सर्राफ धमोरा

"स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया। सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े"

**भारत** में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है। खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा सन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा सन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे सन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे। स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का अष्टाध्यायी व पातंजलि का महाभाष्याधायी का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित



प्रसिद्ध भजन

**प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो ।**
**समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो ॥**

सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया। सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये। स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नही हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरण देते रहते थे। राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की ज़ुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपए प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनो का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनो के जन्म व मृत्यु का समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की। जिसकी राजस्थान में प्रथम शाखा खेतड़ी में 1958 को राजा अजीतसिंह के पौत्र बहादुर सरदार सिंह द्वारा खेतड़ी प्रवास के दौरान स्वामी जी के ठहरने के स्थान स्वामी विवेकानन्द स्मृति भवन में प्रारम्भ करवायी गयी। मिशन द्वारा खेतड़ी में गरीब तथा पिछड़े बालक-बालिकाओं के लिए श्री शारदा शिशु विहार नाम से एक बालवाड़ी, सार्वजनिक पुस्तकालय, वाचनालय एवं एक मातृ सदन तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी चलाया जा रहा है। खेतड़ी चौराहे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व.भैरोंसिंह शेखावत ने 1996 में स्वामी विवेकानन्दजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया था। जिससे आनेवाली पीढियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

# कविता

**सच लापता झूठ के बवंडर में**

**संजीव।**

**कैसे करें विश्वास तेरे दिए वायदे का,**
**तेरे लिये वायदा है बहुत फायदे का'**

**वह तो धंधा ही करता है मुखौटों का**
**क्यों नहीं करते कुछ काम फायदे का'**

**अपने ही चलाते हैं खंजर पीठ पर '**
**रिवाज टूटता विश्वास के कायदे का।**

**सियासत लोगों के बीच आ गई देखो**
**पुलिंदा लेकर बड़े-बड़े झूठे वायदे का।।**

**सच लापता झूठ के बवंडर में संजीव।**
**गाला घोंट गया कोइ कानून वायदे का।**

**संजीव**

## घटती बेटियां: कोख में ही छीन रहें साँसें

**प्रियंका सौरभ**

**कन्या** भ्रूण हत्या के लिए बदनाम हरियाणा का लिंगानुपात (एसआरबी यानी जन्म के समय लिंगानुपात) राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार आठ साल के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है। 2024 के पहले 10 महीनों यानी अक्टूबर तक लिंगानुपात 905 दर्ज किया गया। यह पिछले साल से 11 अंक कम है। वर्ष 2016 में इससे कम लिंगानुपात दर्ज किया गया था। वर्ष 2019 में 923 के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के बाद वर्ष 2024 में हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात घटकर 910 रह गया, जो आठ वर्षों में सबसे कम है। इन आंकड़ों ने हरियाणा के कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को चिंतित कर दिया है, हालांकि अधिकारियों ने नवीनतम आंकड़ों को "मामूली उतार-चढ़ाव" करार दिया है। वर्ष 2021 में प्रकाशित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार भारत में जन्म के समय कुल लिंगानुपात 929 था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित आदर्श लिंगानुपात 950 से हरियाणा बहुत दूर है। राज्य आज तक इस आंकड़े को हासिल नहीं कर पाया है। लिंगानुपात में गिरावट का मतलब है कि राज्य में लड़कियों को गर्भ में ही मार दिया जा रहा है। आर्थिक प्रगति के बावजूद हरियाणा में बड़ी संख्या में लोग अभी भी बेटों को प्राथमिकता देते हैं। जब तक यह सोच नहीं बदलेगी, लिंगानुपात को लेकर स्थिति में सुधार नहीं होगा। राज्य के लोगों में लड़कों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में अल्ट्रासाउंड संचालकों और गर्भपात केंद्रों का धंधा खूब फल-फूल रहा है। इन राज्यों में ज्यादा सख्ती नहीं है। हरियाणा से लोग दलालों के जरिए यहाँ पहुँचते हैं और जांच व गर्भपात करवाते हैं। अल्ट्रासाउंड संचालक पैसे के लिए गर्भ में पल रहे भ्रूण की गलत जानकारी भी देते हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लड़कों को लड़की बताकर गर्भपात करवा दिया गया। अल्ट्रासाउंड करने वाले और गर्भपात करने वाले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पिछले एक दशक में इस पैमाने पर उल्लेखनीय सुधार करने वाले राज्य के लिए यह एक झटका है। 2014 में हरियाणा में लिंगानुपात सिर्फ.871 था। इस पर देशभर में भारी आक्रोश फैल गया और नागरिक समाज संगठनों, राज्य सरकार और केंद्र ने स्थिति को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किए। हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था।

अभियान के बाद राज्य का लिंगानुपात सुधर कर 2019 में 923 पर पहुँच गया। लेकिन 2020 में इसमें फिर से गिरावट शुरू हो गई, जो अब तक जारी है। हालांकि, तब से लिंगानुपात में एक बार फिर से गिरावट देखी गई है, यह झटका ऐसे समय में आया है जब राज्य की महिलाएँ अंतरराष्ट्रीय मंचों सहित खेलों में और साथ ही शिक्षाविदों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

# विचार

## एक ब्रोकर से एक विश्व गुरु का संवाद

**राकेश अचल**

**मैंने** बचपन से ' कास्ट ' के बारे में सुना था। बड़ा हुआ तो ब्रॉडकास्ट,और फोरकास्ट के बारे में सुना अब ,बुढ़ापे में पॉडकास्ट के बारे में सुन रहा हूँ। जिंदगी के 45 साल पत्रकारिता करने के बाद मुझे ये पहली बार लगा कि मुझे पत्रकार होने के बजाय एक पॉडकास्टर या ब्रोकर होना चाहिए था ,क्योंकि एक पत्रकार से ज्यादा एक ब्रोकर और पॉडकास्टर ज्यादा सौभग्यशाली होता है। उसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री से संवाद करने का अवसर जो मिलता है। मोदी जी का पॉडकास्ट केवल इस बात से चर्चा में है क्योंकि उन्होंने माना है कि -'वे अवतार नहीं बल्कि एक मनुष्य हैं और मनुष्य से गलतियां होती हैं ' माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से सीधा संवाद करने के लिए देश की प्रेस तरस गयी है। वे जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने प्रेस से सीधे संवाद की परम्परा ही तोड़ दी है ,हालाँकि ये एक सनातन परमपरा थी और इसे बचाया जाना चाहिए था। माननीय मोदी जी या तो अकेले में ' मन की बात ' करते हैं या फिर किसी अभिनेता को पत्रकार बनाकर उससे बात करते है। कभी -कभी उनका मन होता है तो वे बारी -बारी से नामचीन्ह चैनलों के नामचिन्ह ऐंकरों से भी खड़े-खड़े या किसी क्रूज पर सवार होकर ' मन की बात ' कर लेते हैं ,लेकिन किसी पत्रकार वार्ता में आने से हमेशा कन्नी काटते हैं। अब उन्होंने ' मन की बात ' करने के लिए एक ब्रोकर का सहारा लिया है। इससे हमारी अपनी बिरादरी में ' कहीं खुशी है तो कहीं गम ' है। मोदी जी चाहते तो अपने मनुष्य होने की बात रात 8 बजे दूरदर्शन पर आकर भी कह सकते थे ,लेकिन अब दूरदर्शन भी उन्हीं की तरह अविश्वसनीय हो चुका है।

माननीय मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं ,वे किससे बात करें और किससे नहीं, ये उनकी मर्जी है । कोई उनके ऊपर दबाब नहीं डाल सकता। उन्हें ब्रोकर प्रिय हैं ,तो हैं। ब्रोकर ,पत्रकारों की तरह सवाल कर सकते हैं या नहीं इसका मुझे पता नहीं था ,लेकिन अब निखिल कामथ से ईर्ष्या करने से तो बात बनने वाली नहीं है ,इसलिए उन्हें शाबसी देना चाहिए कि उन्होंने उस प्रधानमंत्री से बातचीत की जो किसी और से बात नहीं करता। वैसे आपको पता होना चहिये कि प्रधानमंत्री को ब्रोकर आज से नहीं शुरू से पसंद हैं। और इस देश के आम नागरिक को ये अधिकार नहीं है कि वो अपने प्रधानमंत्री जी की पसंद या नापसंद पर सवाल खड़े करे।

निखिल कामथ बनना भी उसी तरह आसान नहीं है ,जिस तरह मोदी बनना । मोदी जी ने बचपन में चाय बेचीं और निखिल कामथ ने बचपन में मोबाईल बेचे। मोदी जी चाय बेचते-बेचते देश के प्रधान सेवक बन गए और निखिल जीरोथा के सह संस्थापक। निखिल 3 मिलियन की इस कम्पनी के मालिक है,ये बात और है की निखिल की कम्पनी पर फर्जी डीमेट कहते खोलने या बिना सीएफओ की नियुक्ति किये कम्पनी चलाने के आरोप में मोदी जी की ही सरकार ने लाखों का जुमार्ना वसूल किया। । प्रधानमंत्री से बात करने के लिए इतनी हैसियत वाला कोई पत्रकार तो इस देश में है नहीं। पत्रकारों को यदि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी से बात करना है तो पहली शर्त तो ये है कि वो पहले ब्रोकर बने और दूसरी शर्त ये है कि कम से कम 3 मिलियन डालर का मालिक बने। हमारे यहाँ आम भाषा में ब्रोकर को ' दलाल ' कहा जाता है। दलाल शब्द असंसदीय नहीं है ,लेकिन देश-काल और प्रतिस्थितियों में इस दलाल शब्द के मायने बदल जाते हैं। कलिकाल कहें या मोदी काल में दलालों की चांदी है ,फिर चाहे दलाल वाल स्ट्रीट के हों ,सब्जी मंडी के हो ,अनाज मंडी के हों या सियासत के हों। जीबी रोड के दलालों की बात मै कर नहीं रहा। निखिल कामथ वाल स्ट्रीट के दलाल है या दलाल स्ट्रीट के दलाल इससे कोई फर्क नहीं पड़ता ,क्योंकि वे एक कामयाब दलाल हैं और उनकी कामयाबी ही उन्हें प्रधानमंत्री जी तक ले गयी है। निखिल के साथ संवाद करने में मोदी जी शायद इसलिए सहज दिखे या सहज रहे क्योंकि वे दलालों की भाषा और व्याकरण को बेहतर समझते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अपने ही जाल में उलझे अरविंद केजरीवाल

**मनोज कुमार मिश्र**

**लगातार** तीन विधानसभा चुनाव अपने एजेंडे पर लाने वाले आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस बार बुरी तरह फंस गए हैं। शराब घोटाले में छह महीने जेल में रहने के बाद 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिलने पर बाहर आए केजरीवाल पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा तो 7 जनवरी को हुई। इस बार विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। जेल जाने के समय केजरीवाल इस्तीफा न देने पर अड़ गए और तमाम फजीहत के बाद जेल से बाहर आकर इस्तीफा दिया।

अपने स्थान पर आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे भी मुख्यमंत्री बनने के साथ ही राजनीतिक नाटक करने लगीं। दूसरी कुर्सी पर बैठी। अपने को केयर टेकर मुख्यमंत्री बताने लगीं। चुनाव की घोषणा से काफी पहले से ही आआपा ने अपने उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए। टिकटों में आम राजनीतिक दलों से भी आगे बढ़कर दलबदल करने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी गई। देखा-देखी यही काम कांग्रेस और भाजपा ने किए। वे 12 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार अपनी कट्टर ईमानदार होने के दावे पर धब्बा लगने के बाद चुनाव जीतने के लिए हर तरकीब का सहारा लेने में सबसे आगे हैं। बिजली, पानी, महिलाओं को डीटीसी बसों में फ्री यात्रा करवाने का दावा करने के बाद महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने और साठ साल से ज्यादा उम्र के लोगों की फ्री इलाज योजना की घोषणा करने के अलावा विभिन्न धर्म के पुजारियों को वेतन देने से लेकर दिल्ली में जाट जाति को आरक्षण देने की सिफारिश करने आदि घोषणा हर रोज केजरीवाल कर रहे हैं। विपक्षी दल लगातार उनकी घोषणाओं की खिल्ली उड़ा रहे हैं।

पहले केजरीवाल अपने को कट्टर ईमानदार होने के दावे पर आक्रामक प्रचार करते रहे हैं। अपने दल को अन्य दलों से भिन्न बताने का दावा करते रहे हैं। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने और अपने सरकारी आवास पर बेहिसाब खर्च करने के बाद तो वे अपने लोगों के भी निशाने पर आ गए हैं।

## साधु का जादू और राजा का राज

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बात** पुरानी है, एक ऐसा राज्य था जहाँ राजा की मूँछें ऐसे तनी हुई थीं जैसे शेर की दाढ़ी हो। आँखें? वो तो बस बंद थीं, जैसे नींद में हों। प्रजा की तो धुन थी, भाई, प्याज की महंगाई का बवाल है। लेकिन राजा साहब? प्याज महंगा? कहाँ है? हमें तो दिखा ही नहीं! ये सुनकर दरबारी लोग फटाफट हाँ में हाँ मिलाने लगे। जहाँ राजा को कुछ नहीं दिखता, वहाँ हमें कैसे दिखेगा, हुजूर? राजा साहब मन ही मन मुस्कुरा रहे थे, चलो, अगर कहीं दिख जाए, तो हमारे लिए एक नमूना ले आना। हम भी तो देखें कि प्याज महंगा दिखता कैसा है! राजा ने विशेषज्ञ जाति के पाँच तगड़े लोगों को बुलाया। इनको तो आँखें भी ऐसी मिलती थीं जो हर छोटी-छोटी चीज को देख सकती थीं। राजा ने कहा, जाओ और पूरे राज्य में ढूंढो, प्याज का नमूना लाओ! विशेषज्ञों ने धड़ाधड़ काम शुरू किया। दो महीने बाद दरबार में हाजिर हुए। राजा ने पूछा, प्याज मिला? विशेषज्ञों ने सिर हिलाते हुए कहा, जी हुजूर, बहुत सारा। पर ये बड़ा नहीं, बहुत सूक्ष्म है। ये तो हर जगह फैला हुआ है, जैसे कोई भूत! राजा बोले, तो क्या प्याज अब भूत हो गया है? विशेषज्ञ बोले, जी महाराज, बिलकुल सही कहा। ये बाजार से लेकर दरबार तक, हर जगह है! राजा तो घबरा गए। अब बताओ, ये प्याज की महंगाई मिटेगी कैसे? विशेषज्ञों ने एक धमाकेदार योजना बनाई। बोले, सारे ठेके बंद कर दो। सब्जी वाले बाहर हो जाएंगे, तो प्याज अपने आप सस्ता हो जाएगा। पूरी व्यवस्था को बदलना होगा! दरबारी लोग तुरंत विरोध करने लगे। बोले, महाराज, ये तो राज्य की जड़ें हिला देगा। हमें तो कुछ ऐसे उपाय चाहिए जिससे बिना कुछ बदले सब ठीक हो जाए! तभी दरबार में एक साधु को लाया गया। साधु ने झोली से चमचमाता तावीज निकाला। यह प्याज का तावीज है। इसे बाँधने से आदमी खुद-ब-खुद सस्ते प्याज खरीद सकेगा। राजा ने पूछा, कैसे? साधु बोला, भाई, मनुष्य की आत्मा से महंगाई और सच्चाई के स्वर निकलते हैं। यह तावीज महंगाई के स्वर को दबाकर सस्ते प्याज के स्वर निकालता है। इसे पहनने वाला कुत्ता भी महंगी सब्जी नहीं चुराएगा!

न्यूज फ्लैश

## सीवरेज की सफाई और टूटे हुए ढक्कनों को लेकर विधायक ने दिए आदेश



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने शनिवार को नगर निगम के अधिकारियों को सीवरेज की सफाई और टूटे हुए सीवरेज के ढक्कनों को जल्द से जल्द बदलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सीवरेज की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए, ताकि गंदगी न फैले और सड़कों पर जलभराव की स्थिति न हो। उन्होंने कहा कि शहर में सीवर के जो भी ढक्कन टूटे हुए हैं, उन्हें भी तत्काल बदला जाए। विधायक शनिवार को कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने शहर में सीवरेज की समस्या और सीवर के टूटे हुए ढक्कनों की समस्या को उनके समक्ष रखा। इसके उपरांत उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहर में साफ.सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम, करनाल का प्राथमिक कार्य है। यह सही समय पर होना चाहिए। इसके साथ-साथ नगर निगम को समय-समय पर विशेष सफाई अभियान भी चलाने चाहिए।

**करनाल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति आ सकता है अपनी समस्या लेकर**

जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से दूर करना, उनका दायित्व है। करनाल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके कैंप कार्यालय में आ सकता है। समस्या लिखित हो और उस पर उक्त व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नंबर अवश्य हो, ताकि बाद में उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। करनाल शहर को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात मिल रही है।

## पीयूष मुनि के पदार्पण से श्रद्धालुओं में हर्ष

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। राष्ट्र संत वरिष्ठ** उपाध्याय वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज के सुशिष्य सेवा, सहयोग तथा समन्वय की प्रतिमूर्ति सर्व धर्म दिवाकर भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज लगभग 9 महीने के लंबे अंतराल में पंजाब, हरियाणा के विभिन्न इलाकों में नशामुक्ति, बुराइयों से रहित स्वस्थ एवं सांप्रदायिक सद्भाव से युक्त समाज की स्थापना हेतु महानगर जालंधर (पंजाब) में यशस्वी चातुर्मास संपन्न कर महानगरों, शहरों, कस्बों, ग्रामों में एक हजार किलोमीटर की पदयात्रा पूर्ण कर आज सुबह द इंडन बैंक्वेट, झिंझाड़ी से तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में अपनी शिष्यमंडली सहित पधारे। इस सुअवसर पर शांतात्मा महासाध्वी माता श्री प्रमिला जी महाराज की निश्रा में मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं, पदाधिकारियों, श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल स्टाफ सदस्योंने सुदीर्घ समय के अनंतर महाराज श्री जी के पधारने पर उनकी अगवानी की। सभी भक्तजनों में उल्लास एवं हर्ष व्याप्त है। प्रति रविवार दोपहर 2 से 3 बजे तक सत्संग तथा धर्म उद्बोधन का कार्यक्रम रहेगा।

## एआईवीएफ की तरफ धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। स्थानीय होटल** में एआईवीएफ की तरफ से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आज के आयोजन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीक्षा गर्ग, प्रेरणा अग्रवाल, दीक्षा सिंगला रही। सभी सदस्यो ने मिलकर गिद्दा टप्पे नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। लोहड़ी का पर्व हमारी भारतीय संस्कृति में बहुत ही महत्वपूर्ण है। एआईवीएफ की प्रधान आशा गोयल ने लोहड़ी पर्व की सभी महिलाओं को बधाई दी। सभी महिलाओं ने लोहरी जलाकर पूजा की एवं मूंगफली रेवड़ी बाँटकर इस पर्व की बधाई दी। महिलाओं ने पंजाबी पोशाक पहनकर सभी को अचंभित कर दिया।

# कार्यो व निर्णयों को जनता के बीच ले जाने में मीडिया की अहम भूमिका : हरविंद्र

### आधुनिक पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर हुई संगोष्ठी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। विधानसभा** अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सभी का ध्येय राष्ट्रहित व लोकहित है। विधानपालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका इसी को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले मीडिया का भी लोकहित में अहम योगदान रहता है। विधानपालिका और कार्यपालिका के कार्यों व निर्णयों को जनता के बीच ले जाने में मीडिया की बड़ी भूमिका है। हरविंद्र कल्याण आज स्थानीय कर्ण लेक पर मीडिया वेलबींग एसोसिएशन द्वारा आधुनिक पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर आयोजित संगोष्ठी व पत्रकारों को निःशुल्क टर्म



इंश्योरेंस व दुर्घटना बीमा पॉलिसी वितरण कार्यक्रम अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, विधायक पवन खरखौदा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव प्रवीण अत्रे, पूर्व कुलपति डॉ. चतर सिंह तथा गुरु रमणीक महाराज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मीडिया वेलबींग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी सहित संगठन के अन्य सदस्यों ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन द्वारा मुख्य अतिथि को मांग पत्र भी सौंपा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका अहम है। मीडिया सरकार और प्रशासन के कार्यों को जनता के बीच सूचना के तौर पर प्रस्तुत करता है। सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की आवाज भी मीडिया उठाता है। दायरे मे रहकर महत्वपूर्ण कार्य करने की जिम्मेवारी मीडिया के कंधों पर रहती है। उन्होंने कहा कि मीडिया वेलबींग एसोसिएशन द्वारा मीडिया हित में उठाई गई मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयास करूंगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते है। समाज की समस्याओं को सरकारों तक पहुंचाते हैं। मीडिया जनप्रतिनिधियों के कार्यों पर भी टिप्पणी रखता है। आज के दौर में मीडिया का कार्य चुनौतियों से भरा है। फिर भी मीडिया को अपना कार्य पूरी दक्षता के साथ करते हुए सकारात्मक पत्रकारिता करनी चाहिए, ताकि समाज को फायदा हो।

## सड़क टूटी होने के कारण भिड़ी 5 बड़ी गाड़िया



टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

**खरखौदा के एन एच** तीन सौ चौतीस बी बरोणा रोड बायपास पर भिड़ी 5 बड़ी गाड़िया, जिनमे 2 डंफर, एक ट्रक, एक कैंटर व एक अन्य गाड़ी हैं। हादसे की वजह रहा सड़क पर चल रहा काम, नही लगाए गए थे रिफ्लेक्टर। सभी गाड़ियों में काफी नुकसान खरखौदा के एन एच तीन सौ चौतीस बी पर शुक्रवार की रात करीब 12 बजे से डेढ़ बजे के बीच 5 बड़े वाहन एक के बाद एक टकरा गए। जोकि एक गाड़ी दूध की थी जोकि राजस्थान से यू पी जा रही थी। वही एक आइसर कैंटर जोकि सब्जियों से भरा हुआ था और दिल्ली ले जाया जा रहा था। इसके अलावा 2 डंफरो में रिवाड़ी से बजर पुर भर कर ले जाया जा रहा था। इसके साथ ही एक अन्य गाड़ी और थी जो सभी वाहन इस हादसे के शिकार हुए है। मौजूद लोगों ने इस हादसे की वजह एन एच तीन सौ चौतीस बी रोड के बीच मे चल रहे काम को बताया। जहाँ पर बेरीगेट तो लगाए गए, लेकिन उन पर कोई रिफ्लेक्टर नही लगाए गए, वही उन्होंने बताया कि उस समय धुंध भी काफी थी।

## डंडे व सरिये से मारपीट करने के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। क्षेत्र में** डंडे व सरिये से मारपीट करने व सिर पर चोट मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित अक्षय वासी बचीनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपित व उसके साथियों ने मिलकर शिकायतकर्ता को डंडे व सरिये से चोटें मारी थी। इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित पंकज को पहले गिरफ्तार किया गया था।

# उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा लोहड़ी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/लाडवा : पूर्व राज्यमंत्री** सुभाष सुधा ने कहा कि लोहड़ी का महापर्व 2025 लाडवा की धरा पर पूरे जोश, उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस महापर्व का आयोजन लाडवा अनाजमंडी में करीब 4 बजे आयोजित किया जाएगा। इस लोहड़ी महापर्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। अहम पहलू यह है कि प्रसिद्ध पंजाबी गायक लोहड़ी महापर्व का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को देर सायं लाडवा अनाजमंडी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत कार्यकर्ताओं से



बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, नगर पालिका की अध्यक्षा साक्षी खुराना, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया और 13 जनवरी को सायं करीब 4 बजे शुरू होने वाले लोहड़ी महापर्व की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं की ड्यूटियां भी लगाई। इस दौरान सभी भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रबंध करने की जिम्मेवारी सौंपने के साथ-साथ लाडवा विधानसभा के हर नागरिक तक लोहड़ी महापर्व का निमंत्रण पहुंचाने की ड्यूटी भी लगाई है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लोहड़ी का महापर्व लाडवा अनाजमंडी में हर्षोल्लास और परम्परा के अनुसार मनाया जाएगा और प्रदेशवासियों की सुख शांति के लिए पूर्ण अर्चना की जाएगी। इस कार्यक्रम में खुशिया मनाने, मनोरंजन करने के लिए प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

इस महा पर्व की संध्या को पंजाबी कलाकार यादगार बनाएंगे और लाडवा विधानसभा के सभी नागरिक एक मंच पर पहली बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ लोहड़ी का पर्व मनाएंगे।

## मेयर का करीब 9 वरिष्ठ कांग्रेस नेता लड़ना चाहते है चुनाव

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**पानीपत नगर निगम** के होने वाले चुनाव को लेकर जहां अनेकों भाजपा नेता मेयर की टिकट को लेकर अपनी दावेदारी जता रहे है। वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में भी मेयर पद के दावेदारों की संख्या कम नहीं है। कांग्रेस पार्टी में मेयर पद के दावेदारों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकेश टुटेजा, धर्मपाल गुप्ता, कमल दीवान, राकेश चुघ, सुरेश वर्मा, राजकुमार पाहवा, ओमवीर पंवार और युवाओं में विपुल शाह व महिलाओं में नीरजा बाहरी के नाम शामिल है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार रात को पानीपत शहर के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की नगर निगम चुनाव को लेकर अन्दरूनी मीटिंग हुई है। जिसमें कांग्रेस पार्टी के इनमें से कई मेयर पद के प्रमुख दावेदारों ने भी भाग लिया है और उसी मीटिंग में मेयर पद के इन प्रमुख दावेदारों के नामों पर भी चर्चा हुई। उसी मीटिंग में ही कांग्रेस नेताओं द्वारा पानीपत निगम के सभी 26 वार्डो के लिये मजबूत नामों पर भी विचार विमर्श करने का दावा किया जा रहा है। मीटिंग में सभी नेताओं ने फैसला लिया कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ एकजुट होकर मेयर व सभी 26 वार्डो का पार्षद का चुनाव लड़ेगी। वहीं शनिवार को कांग्रेस के मेयर पद के इन कई दावेदारों ने फोन पर बताया कि पार्टी चाहेगी तो वे पूरी मजबूती के साथ मेयर का चुनाव लड़ने के लिये तैयार है।

# पुलिस ने दबिश देकर युवक से दो मोबाइल फोन बरामद कर केस दर्ज किया

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वेबसाइट के जरिये ऑनलाइन ऐप डॉउनलोड करवाकर क्रिकेट मैच पर सट्टा व अन्य ऑनलाइन गेम चलवाने की गुप्त सूचना पर सेक्टर 11 में दबिश देकर युवक से दो मोबाइल फोन बरामद किए। आरोपित की पहचान मनोज उर्फ मोनू निवासी सेक्टर 11 के रूप में हुई। आरोपित के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में बीएनएस की धारा 318 (4), आईटी एक्ट व गेम्बलिंग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने दोनों मोबाइल जांच के लिए पंचकूला साइबर फॉरेंसिक लैब भेज दिए। जांच के बाद पता चलेगा यह नेटवर्क कहा से जुड़ा है। इसमें और कितने लोग शामिल है। रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के बताया कि थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय को 8 जनवरी की देर शाम गुप्त सूचना मिली की सेक्टर 11 निवासी मनोज उर्फ मोनू अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बिना अनुमति के ट्रेडवेक्स व अन्य वेबसाइट के जरिये ऑनलाइन ऐप डॉउनलोड करवाकर क्रिकेट मैच पर सट्टा व अन्य ऑनलाइन गेम चलवाने का कार्य करता है। जिससे जिला के काफी लोग वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो रहे है। थाना प्रभारी द्वारा मामला उनके संज्ञान में लाया गया। और थाना साइबर क्राइम में तैनात सब इंस्पेक्टर योगेश के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जिसमें मुख्य सिपाही मोनिंद्र, महिला मुख्य सिपाही सुनीता व सिपाही पंकज को शामिल कर आरोपी की धरपकड़ के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने सेक्टर 11 स्थित घर पर दबिश दी। आरोपी पुलिस टीम को देखकर अंदर की तरफ भाग गया। पुलिस टीम ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मनोज उर्फ मोनू पुत्र हरिश लाल निवासी सेक्टर 11 के रूप में बताई। पूछताछ करने पर आरोपित ने पुलिस को बताया उसके पास दो मोबाइल फोन है। इनके द्वारा वह ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा व अन्य ऑनलाइन गेम की वेबसाइट ट्रेडवेक्स को ऑपरेट करता है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किये। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा की इससे युवा वर्ग पथ भ्रष्ट होकर वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार होते है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी के साथ इस प्रकार से वित्तीय धोखाधड़ी हुई है तो वह निसंकोच पुलिस को शिकायत दे।

# श्री राम का प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दिवस धूमधाम से मनाया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:श्री राम का प्रथम** प्राण प्रतिष्ठा दिवस धूमधाम से मनाया। मंदिर में पूरे हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम की पुरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर थानेसर ब्लाक समिति चैयरमेन प्रतिनिधि आचार्य राम मेहर शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने मंदिर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हए कहा की हम सब को भगवान राम के द्वारा स्थापित आदर्श पर चलकर समाज और देश की भलाई के बारे में



कार्य करना चहिए ऐसा करने से राष्ट्र का विकास होगा। भगवान राम ही हम सबके रखवाले हैं जो की हर प्राणी को आशीर्वाद देकर जीवन जीने कि कला को सीखाने का कार्य करते हैं इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना के माध्यम से भगवान श्री राम का प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। शहर की पुरानी** अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रीराम लला के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को अद्भुत ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ किया और देश व समाज की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद आरती की गई और भंडारे का आरंभ किया गया।

# बाल तस्करी और मानव तस्करी को खत्म करने का संकल्प

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एमसीडी ऑफ इंडिया** के निदेशक सुरेन्द्र मान ने कहा कि 11 जनवरी को राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस एक ऐसे अपराध की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो दुनिया भर में मानव जीवन, परिवारों और समुदायों पर गहरा प्रभाव डालता है। वर्ष 2010 में राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, प्रत्येक जनवरी को राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में नामित किया गया है। राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह की शुरुआत के बाद, गैर-सरकारी संगठनों की मदद से, राष्ट्रीय मानव तस्करी दिवस की शुरुआत हुई



और इसे हर साल 11 जनवरी को मनाया जाता है। मानव तस्करी को गुलामी का एक आधुनिक रूप माना जाता है। इस अवैध कृत्य में श्रम या यौन संबंध प्राप्त करने के लिए बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती का उपयोग शामिल है। तस्कर अपने पीड़ितों को तस्करी की स्थितियों में फंसाने के लिए हिंसा, हेरफेर या झूठे वादों का इस्तेमाल करते हैं। तस्करी के शिकार आमतौर पर शारीरिक और/या मनोवैज्ञानिक शोषण का सामना करते हैं। वे यौन शोषण, भोजन और नींद से वंचित, परिवार के सदस्यों को धमकियों और बाहरी दुनिया से अलगाव भी झेल सकते हैं। पीड़ित के परिवार के सदस्यों को भी धमकाया जा सकता है। इस दिन का लक्ष्य यौन तस्करी के अपराध के बारे में अधिक जागरूकता लाना है। हर साल, दुनिया भर के संगठन समुदायों को सहायता प्रदान करते हैं, स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देते हैं और जागरूकता बढ़ाने के लिए, शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने मानव तस्करी को खत्म करने के लिए लोगों से अपील की और निवेदन किया कि अपने विधायकों को पत्र लिखें या फोन करें और उन्हें मानव तस्करी से निपटने के लिए, अपनी समर्थन नीति से अवगत कराएं। ऐसे कार्यक्रमों का समर्थन करें जो आपके समुदाय, स्कूलों और पड़ोस में जागरूकता बढ़ाते हों। अगर आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति मानव तस्करी का शिकार है, तो 1-888-373-7888 पर राष्ट्रीय मानव ट्रैकिंग हॉटलाइन से संपर्क करें। आप 911 पर कॉल करके स्थानीय कानून प्रवर्तन से भी संपर्क कर सकते हैं। किशोरों व युवाओं को असुरक्षित या संदिग्ध वातावरण छोड़ने का निर्णय लेने में सक्षम बनाएं।

# राम मंदिर की वर्षगांठ पर मनाया श्री राम महोत्सव

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। श्री राम मंदिर** अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ श्री रामलीला परिषद् द्वारा बहुत धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य श्री राम महोत्सव का आयोजन किया गया। परिषद् प्रधान दिनकर बोहरा, कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक दिलीप गोस्वामी ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री रामलीला परिषद् द्वारा भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर बहुत भव्य कार्यक्रम का आयजन किया गया। प्रातः हवन का आयोजन किया गया जिसमें अनिल सेठ, अंकित मिश्रा, राजेंद्र पोपली, सतीश पटीदिया और सुरेश शास्त्री ने सपत्निक



यजमान की भूमिका अदा की। इसके बाद ऐतिहासिक भव्य कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा रहे जबकि भाजपा नेता कुलदीप यादव ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में संत इतवारगिरी, योगी वचनाईनाथ जिला पार्षद, साध्वी शक्तिनाथ, संत छविराम दास का सानिध्य मिला। सभी अतिथियों और संतों को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि रामबिलास शर्मा ने कहा कि राम सनातन का आधार हैं। भगवान राम के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और आने वाली पीढ़ी को इस प्रकार के कार्यक्रम से जोड़कर समाज को नई दिशा देनी चाहिए। 511 कलश एवं 111 ध्वजा के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने नगर के प्रमुख बाजारों से डीजे, बैंड, घोड़े, बग्गी और एक भव्य रथ के साथ यात्रा निकाली। यात्रा में सुंदर झांकियां निकाली गई। राम दरबार, राम लक्ष्मण के बाल स्वरूप गुरु वशिष्ठ का आशीर्वाद लेते हुए झाँकियों ने नगरवासियों का मन मोहा। राम का किरदार शालीन जांगड़ा, लक्ष्मण अभिषेक गोस्वामी, सीता अयान जांगड़ा, हनुमान जतिन अग्रवाल, विश्वामित्र अनिल कनौड़िया, बाल राम अक्ष मिश्रा और लक्ष्मण दक्ष मिश्रा ने निभाया। शोभा यात्रा से पूर्व कारसेवा करने के लिए अयोध्या गए कारसेवकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्रीरामलीला परिषद के पावन रंगमंच पर भगवान राम का तिलक किया गया और कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों नगरवासियों ने खीर पूरी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान चेतनप्रकाश गौड़, संरक्षक रमेश कौशिक, पूर्व प्रधान सुधीर दीवान, उपप्रधान रामचंद्र जांगड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश लावणिया, अतुल दीवान, प्रवीण दीवान, सुभाष डागर, महावीर भांडोरिया, कैलाश पाली, रामजीवन मित्तल, नरेश झुकिया, वेदप्रकाश तायल, गिरधर कनौड़िया, पतराम यादव, भूषण सेठ, अरविंद जांगड़ा, नवीन शर्मा, सुशील बिहाट, नरेश जोशी, सूर्यप्रकाश कौशिक, प्रियांशु, शेर सिंह सहित महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# इसराना उपमंडल में एक महिला ने सुसाइड कर लिया

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

**पानीपत जिले के** इसराना उपमंडल में एक महिला ने सुसाइड कर लिया। दरअसल, महिला के भांजे ने घर से आभूषण चुरा कर दोस्तों को बेच दिए थे। जिसकी शिकायत महिला ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर भांजे समेत दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद दोस्तों के परिजनों ने महिला को केस वापस न लेने पर कई तरह की धमकियां दीं। जिससे परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

**कोर्ट ने आरोपियों को भेजा था बाल सुधार गृह**

महिला के नंदोई महेंद्र ने बताया कि वह यमुनानगर का रहने वाला है। मृतक मोनिका देवी (35) तीन बच्चों की मां थी। मोनिका की बहन सुरेश देवी और जीजा नरेश की बीमारी से मौत हो चुकी है। जिसके बाद सुरेश के दोनों बच्चे भी मोनिका के पास ही रहते थे। सुरेश के नाबालिग बेटे ने कुछ दिनों पहले ही घर से आभूषण चुराए थे। जो आभूषण उसने अपने दोस्तों को बेच दिए थे। जिसका उसने अपने तौर पर पता किया और सारी जानकारी मिलने के बाद पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत देने के बाद आरोपियों पर केस दर्ज किया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था और कोर्ट के आदेशों पर बाल सुधार गृह भेजा गया था। महेंद्र ने बताया कि केस दर्ज करवाने के बाद भांजे के दोस्तों के परिजन लगातार मोनिका को डरा रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव का आयोजन 12 जनवरी को बाल भवन में

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से 12 जनवरी को बाल भवन के प्रांगण में राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय उत्सव में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। यह जानकारी जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिला ने दी है।

### महिलाएं खेलों के साथ-साथ हर क्षेत्र में कर रही है शानदार प्रदर्शन: जयभगवान शर्मा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा:** भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की बेटियां खेलों में देश का नाम रोशन कर रही है। इस प्रदेश की बेटियां खेलों के साथ-साथ हर क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन कर रही है। इसलिए बेटियों को हमेशा खेलों के साथ-साथ हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से आयोजित खंड स्तरीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ने विधिवत रूप से खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खेलों को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने का काम कर रहे है। इसके साथ ही ग्रामीण आंचल में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए गांव-गांव में खेल की जरूरत के अनुसार नर्सियां खोल रहे है। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीण आंचल में छिपी खेल प्रतिभाओं को खेलों का मंच मिलेगा तो निश्चित ही अच्छे खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। यह खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाकर मेडल जीतेंगे और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस प्रदेश के साथ-साथ कुरुक्षेत्र, शाहबाद की बेटियों ने हॉकी और लाडवा की बेटियों ने शूटिंग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन खिलाडि?ों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिला महिला एंव बाल विकास अधिकारी नीतू रानी ने कहा कि खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए डिस्कस थ्रो, म्यूजिकल चेयर, महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर साइकिल रेस, 300 मीटर व 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को क्रमश: 2100,1100 और 750 रुपए की राशि इनाम के रूप में दी जाएगी। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता के 300 मीटर की दौड़ में रजविन्द्र कौर प्रथम, 400 मीटर में शशी प्रथम, साइकिल रेस में आयुषा, 100 मीटर में रानी, म्यूजिकल चेयर में सीमा प्रथम व डिस्कस थ्रो में अनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# मां शाकंभरी देवी की पूजा से नहीं रहती अन्न, धन की कमी: अशोक

**-मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल द्वारा मां शाकंभरी जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न**

**जन्मोत्सव**

**मां शाकंभरी देवी मंदिर में शनिवार को मां शाकंभरी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल द्वारा नरकातारी रोड स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में शनिवार को मां शाकंभरी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अमृत आयुर्वेद विशिष्ट वैद्य परीक्षण समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने अपनी कुलदेवी मां शाकंभरी देवी, मां शताक्षी देवी, मां भ्रांबरी देवी, मां भीमा देवी और भूरा देव की मूर्तियों को शाक-सब्जियों और फलों की मालाओं से सजा कर श्रृंगार किया। तत्पश्चात आचार्य पं.अजय मिश्र एवं आशुतोष मिश्र द्वारा हवन करवाया गया जबकि मंदिर के पुजारी पंडित रमेश चंद्र बृजवासी ने श्रद्धालुओं को मां शाकंभरी महात्म्य सुनाया। मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली एवं सचिव चन्द्रमौली गौड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शिवालिक पर्वत माला की तलहटी में मां शांकभरी देवी का सिद्ध दरबार स्थापित है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच कर मां के दर्शन करते हैं। मां शांकभरी देवी भवन से पूर्व भक्तों को भूरा देव के दर्शन करने होते है। कहा जाता है कि भूरा देव के दर्शनों के बिना मां शाकंभरी देवी यात्रा अपूर्ण मानी जाती है। अशोक शर्मा बाली ने मां शांकभरी देवी का वर्णन बताते हुए कहा कि शास्त्रों के अनुसार कालांतर में जब पृथ्वी पर चारों ओर अकाल पड़ गया तो अनाज की भारी कमी हो गई। ब्रह्मा जी के मार्ग दर्शन में देवताओं और ऋषि-मुनियों ने मां जगदम्बा की स्तुती की। जिस पर मां जगदम्बा ने शांकभरी देवी का अवतार लिया और उनकी कृपा से समूची पृथ्वी से राक्षसों का माया जाल हट गया एवं मां शाकंभरी ने अपने शरीर से शाक सब्जियां उत्पन्न करके लोगों की क्षुधा शांत की। तब से मां शांकभरी की पूजा होने लगी। इनकी पूजा से मनुष्य के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं और अन्न की कभी कोई कमी नहीं रहती। कार्यक्रम में महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया गया। इसके पश्चात भंडारे में लोगों ने सेवा करके प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी,जजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,कपिल शर्मा अमीन,मंदिर के संचालक रामपाल सैनी, जिला पूर्व आयुर्वेद अधिकारी डा. बलवंत मेहला,राहुल राणा,शमशेर कश्यप,राजेश शर्मा, गुलशन कुमार दहिया,अश्वनी गोसाईं लाडवा,सूरज प्रकाश,रविन्द्र सिंगला,सुधीर शर्मा,सुनील शर्मा,अश्वनी अत्री,मनीष,मुकेश,मदन पाहवा,कुमार सागर,अंकुश शर्मा,कुणाल शर्मा,रजनीश शर्मा,तरुण अरोड़ा,अक्षय कुमार जांबिया,शक्ति शर्मा, केहर सिंह,बलवान सिंह,संदीप दहिया,जितेंद्र दहिया,राकेश कंसल,अनिता बाली,भगवती, श्वेता शर्मा,दयावंती, रेखा, सीमा,कांता, उर्वशी बाली,लवली,शबनम,नेहा,मीनाक्षी शर्मा,भारती शर्मा, संगीता,शांति देवी, ज्योति शर्मा, कौशल्या, रोशनी देवी,रजनी,पिंकी, माम कौर, सरोज,जोगिन्द्रो और भावना सहित अन्य शामिल रहे।

# नशे की रोकथाम के लिए पुलिस की आंख-कान बनकर काम करे




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** यदि आमजन पुलिस की आंख-कान बनकर काम करे तो नशीली गतिविधिओ को निश्चित रुप से रोका जा सकता है । नशीली गतिविधिओ को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है। कहा जाता है कि नशा ही सब अपराधों की जड़ है इसलिए नशे को समाप्त करना पुलिस और जनता का प्रथम कर्तव्य है । मौजूदा दौर में नशा समाज और देश को खोखला कर रहा है और देश का भविष्य युवा गर्त की ओर जा रहा है। यदि हम नशे पर काबू पा लेतें हैं तो काफी हद तक अन्य अपराध भी कम हो जायेंगे। यह बातें थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक दिनेश चौहान ने थाना केयूके एरिया में ग्रामीण भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने थाना केयूके के अंतर्गत गावं कसेरला व दबखेडी का दौरा कर ग्रामवासियों को नशा ना करने बारे तथा साईबर सुरक्षा बारे जागरूक किया । थाना प्रभारी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसे हम सबको मिलकर जड़ से उखाड़ना होगा । इस मुहिम में हर व्यक्ति अपना योगदान दें और अपनी जिम्मेदारी को समझें तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में फंसे युवकों को समाज मुख्यधारा में लाना और समाज को नशा मुक्त करना हम सबका दायित्व है। निरीक्षक दिनेश चौहान ने आह्वान किया कि अगर उनके आसपास कहीं नशा बिकता है तो वह इसकी पुलिस को दें । उन्होंने कहा की नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस विभाग के मोबाईल नम्बर 74969-85327 पर दें।

# शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए आमजन बरतें विशेष सावधानी: नेहा सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। इन दिनों जिला में शीत लहर चल रही है। इसी के मद्देनजर सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से विशेष एडवाइजरी जारी की हुई है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कि शीत लहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र आदि से जानकारी प्राप्त कर सकतें है। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें, घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।

# 67 वर्षो में कुवि ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बनाई विशिष्ट पहचान

**प्रदर्शनी**

**68वें स्थापना दिवस पर कुवि की उपलब्धियों को समर्पित प्रदर्शनी रही विशेष आकर्षण का केन्द्र**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हवन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, नान टीचिंग स्टाफ, शोधार्थियों, विद्यार्थियों व हितधारकों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन उन सभी विभूतियों को स्मरण करने का भी दिन है जिनके प्रयास से आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना यह स्थान बना पाया है। उन्हीं के प्रयासों से ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की सभी मानक एजेंसियों की उत्कृष्टता के पैमाने पर खरा उतरा है जिसके कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुवि की ख्याति बढ़ी है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने स्थापना दिवस पर क्रश हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को समर्पित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 3.56 स्कोर के साथ हरियाणा प्रदेश की पहली ए-प्लस-प्लस ग्रेड स्टेट यूनिवर्सिटी बना। स्वायत्तता प्राप्त विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हम देश में 8वें स्थान पर हैं। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रैमवर्क (एनआईआरएफ) में देश के राजकीय विश्वविद्यालयों में से प्रथम 50 विश्वविद्यालयों की सूची में हरियाणा के चार विश्वविद्यालयों में से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 41वें स्थान पर है। सभी प्रावधानों साथ न केवल कैम्पस में बल्कि सभी संबंधित कॉलेजों में पूरे देश में सबसे पहले लगाया है। विश्वविद्यालय के संकाय, कर्मचारियों के प्रयासों से हम इस ग्रेड को न केवल बरकरार रखेंगे बल्कि इससे भी अच्छा ग्रेड प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं व शिक्षा विद्यार्थियों को प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# रत्नावली ने पूरे विश्व में बनाई सांस्कृतिक पहचान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय रत्नावली उत्सव ने पूरे विश्व में सांस्कृतिक पहचान बनाई है। हरियाणा दिवस पर राज्य स्तरीय रत्नावली उत्सव के सफर से हरियाणवी संस्कृति विश्वव्यापी बनी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय रत्नावली उत्सव के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को पूरे विश्व में विशेष पहचान दिलाने तथा प्रचार-प्रसार करने का कार्य




किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सन 1956 में विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1966 में हरियाणा प्रदेश बना। हरियाणा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। सन 1985 से अनूप लाठर के नेतृत्व में सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिला। 2006 में हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली के रूप में परिवर्तित हुआ।

**संस्कृति**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध एवं खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अपना दबदबा कायम रखा**

आज रत्नावली के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है। रत्नावली समारोह में 6 मंचों पर 34 विधाओं में 3हजार कलाकार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध एवं खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अपना दबदबा कायम रखा है। इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृती को संजोने में केयू अहम भूमिका निभा रहा है।

# सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा मनाया गया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला अध्यक्ष पवन मित्तल विशेष तौर पर उपस्थित रहे । उन्होंने यह बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कम्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये हुए हैं। अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है



जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएँ शुरू की जाएंगी । जिसमे दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है ताकि नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके । साथ ही उन्होंने कहा की सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाएंगी सकेगी।

# दादा की हत्या करने का आरोपी पोता गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव समैण में अपने दादा की बेरहमी से हत्या करने के मामले में सदर टोहाना पुलिस ने शनिवार को आरोपी पोते को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान अरमान उर्फ कद्री पुत्र सत्यवान निवासी समैण के रूप में हुई है। नाबालिग होने के चलते उसे बोस्टल जेल करनाल भेजा गया है। इस बारे में सदर टोहाना पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को गांव समैण निवासी बलकार सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका भाई सत्यवान उर्फ काला उसके परिवार से अलग वाल्मीकि चौपाल में रहता है। उसका पिता दौलतराम, माता दर्शना देवी व भाई सुभाष भी चौपाल में ही रहते हैं।

# श्रद्धालुओं की शक्ति से गुरुघरों की पवित्रता कायम: सूरजभान

कुरुक्षेत्र
टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य एवं श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने कहा है की अटूट श्रद्धा से जुड़े श्रद्धालुओं के कारण गुरुघरों की पवित्रता कायम है इसे हम सबको मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। सूरजभान कटारिया आज यहां लाडवा स्थित श्री गुरु रविदास आश्रम लाडवा साहिब में मुख्यअतिथि के रूप में आयोजक संत गुरपाल दास महाराज के 43 में जन्म दिवस पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु



रविदास जी की वाणी ही हम सब के जीवन में प्रकाश कर रही है जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का दोहा "ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्न और छोट बड़े साथ बसे, गुरु रविदास रहे प्रसन्न। का दोहा सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास के सिद्धांत को पूरा करता है। इससे पूर्व आज प्रातः से ही अखिल भारतीय रविदास के धर्म संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत मनदीप दास जी महाराज ने गुरु वाणी के माध्यम से संत श्रद्धालुओं को निहाल किया। डेरा दयालगढ़ के संत जैन दास हितकारी महाराज ने संत शिरोमणि रविदास जी की वाणी का भजन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोहने का काम किया। आयोजक संत गुरपाल दास महाराज ने सभी को स्वागत किया और सम्मानित किया! इस अवसर पर मुख्य रूप से गुरु रविदास सभा एवं धर्मशाला के प्रधान सूरजभान नरवाल, सचिव सुखबीर सिंहा, मिहा सिंह रंगा, सतीश दास हाबड़ी, जगमाल सिंह चंदेल आदी मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

**जीवन में प्रकाश**

**फ़संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की वाणी ही हम सब के जीवन में प्रकाश कर रही है**

# महिला वित्तीय जागरूकता का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** जिला सोनीपत के गांव नाहरी में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर



स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जी ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सूयार्कान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ये योजनाएँ महिलाओं के लिए और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। उन्होंने मुयुच्वल फण्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समझाया कैसे आप व्यक्ति भी इस से लाभांवित हो सकता हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष मौजूद श्री अजय कुमार जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण , स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में के सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया। डा॰ जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल- कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है। साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**योजना**

**जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं**

# नशे का मतलब है समय से पहले मौत: कुमारी रंजीता कौशिक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती शनिवार को युवा दिवस के रूप में मनाया गया इस उपलक्ष्य में गांव मांडी मे फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने महिलाएं के साथ नशे के विरुद्ध रैली निकाल कर आम जन को नशे के प्रति जागरूक किया गया।

**कुमारी रंजीता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद**

युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनका एक ही मूल मंत्र था युवा नशे का सहारा लेगा तो देश डगमगा जाएगा। उसके पास देश को आगे बढ़ाने की शक्ति समाप्त हो जाएगी। यह सच है हम अपना भविष्य नहीं बदल सकते



लेकिन अपनी आदतें जरूर बदल सकते हैं। इसके लिए थोड़ा सा विश्वास बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन समय से पहले मौत की और ले जाता है। नशा करना है तो देश की हिफाजत का करें, देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का करें समाज में बदलाव का करें ,देश का निर्माण करने का करें। उन्होंने महिलाओं अपने परिवार को नशा ना करने शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से ब्रेन सही प्रकार से कार्य नहीं करता। नशे के आदि होकर बहुत से परिवार शारीरिक रूप से अपंग बन रहे हैं।

# विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में स्वामी विवेकानंद जयंती ह्यराष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रो संजीव अग्रवाल डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र ने शिरकत की । मेहमान का स्वागत कॉलेज जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया । उनके साथ एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई ।



तत्पश्चात महाविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने देश की एकता और अखंडता को संजोने की शपथ ली । प्रो संजीव अग्रवाल ने कहा कि भारतीय नवजागरण के अग्रदूत, भारतीय सभ्यता संस्कृति धर्म और अध्यात्म की अनमोल विरासत को विश्व पटल पर सम्मानित करने वाले महान चिंतक स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति के सर्वाधिक प्रेरक पुंज और अनुकरणीय आदर्श हैं । विवेकानंद ने इस विश्वास को सुदृढ़ बनाया कि आत्मोन्नति और कल्याण की दृष्टि से सनातन हिन्दु धर्म से बढ़कर धार्मिक सिद्धांत विश्व में कहीं भी अस्तित्व में नहीं है । स्वामी विवेकानंद की भारत की युवा पीढ़ी में गहन आस्था थी और उन्होंने ह्यउठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाएह्न के उदघोष से राष्ट्र की युवा पीढ़ी में नई चेतना, नई शक्ति, नई ऊर्जा और अद्भुत आत्मविश्वास का संचार किया । युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की अमूल्य संपदा एवं प्राणतत्व है । युवा ही हमारी गति, स्फूर्ति, चेतना, प्रज्ञा और राष्ट्र का ओज है । युवा हमारे देश के भावी कर्णधार और देश की आशाओं एवं आकांक्षाओं के सुमन है । इन युवाओं का कर्म ही वास्तव में देश धर्म है । जिस व्यक्ति की ऊर्जा अक्षुण्ण है, जिसका यश अक्षय है, जिसका जीवन अंतहीन है, जिसका पराक्रम अपराजेय है, स्वामीजी भारतीय समाज को स्वाभिमानी बनाने तथा एकजुट होने की उन्होंने प्रेरणा देते रहे और अब हर युवा का दायित्व है कि वह उनके दूरदर्शी दर्शन को अपने व्यवहार में साकार कर इस देश के साथ-साथ सम्पूर्ण दुनिया का मार्गदर्शन करे। महेंद्र अग्रवाल जनरल सेक्रेट्री ने कहा कि जिन समस्याओं से आज हम जूझ रहे है यदि हम थोड़ा सा भी स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं एवं उनके विचारों को अपना ले तो ये समस्याएँ खुद-ब-खुद छू-मंतर हो जाएंगी।

# प्लाट में नींव भरने का काम कर रहे राजमिस्त्री पर दीवार गिरने से हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बेगा** रोड पर प्लाट में नींव भरने का काम कर रहे एक राजमिस्त्री पर अचानक दीवार गिर गई। जिससे राजमिस्त्री दीवार के नीचे दब गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अशोक (40) गांव रोशनपुर का रहने वाला था। अशोक बेगा रोड पर एक प्लाट में नींव भरने का काम कर रहा था। इस दौरान प्लाट के साथ लगती दीवार अचानक उस पर गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भेज दिया।



पोस्टमार्टम के बाद स्वजन उसे बेगा रोड पर पहंचे और कार्रवाई की मांग करते हुए शव को सड़क पर रख जाम लगा दिया। सूचना के बाद थाना बड़ी प्रभारी युद्धवीर व गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्वजन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्वजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मृतक के भाई भगवानदास ने कहा कि अंकुर ने अशोक को सुबह काम पर बुलाया था। प्लाट की गहरी नींव खुदवाने के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि आरोपित प्लाट मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर पुलिस ने उन्हें ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस के आश्वासन पर स्वजन ने आधे घंटे बाद अशोक के शव को सड़क से उठा कर जाम खोला।

## न्यूज फ्लैश

### गन्नौर अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के मामले में दो गिरफ्तार

**गन्नौर। गन्नौर अंतर्राष्ट्रीय** बागवानी मंडी से चोरी करने का प्रयास करने के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित राहुल व सन्नी गांव टेहा के रहने वाले हैं। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में सिक्योरिटी मैनेजर हसनपुर गांव निवासी भूपसिंह ने थाना बड़ी में शिकायत दी थी कि उनके सिक्योरिटी सुपरवाइजर विकास ने मंडी से दो युवकों को एक बोरी में लोहे का सामान ले जाते हुए देखा। जब उसने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे बाइक और चोरी का सामान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त उक्त दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### तूड़े से भरी ट्रैक्टर ट्राल पलटी, पांच घायल

**गन्नौर: जीटी रोड पर बाल** भवन इंटरनेशनल स्कूल के पास तूड़े से भरी ट्रैक्टर ट्राली अचानक पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक के अलावा 4 मजदूर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया, जहां से तीन मजदूरों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार तूड़े से भरी ट्रैक्टर ट्राली में गांव कुताना, बागपत, उत्तरप्रदेश के रहने वाले फिरोज, खुर्शिद, सोनू व शहजान तूड़े से भरी ट्रैक्टर ट्राली खाली करने के लिए गन्नौर की तरफ आ रहे थे। जब वह जीटी रोड बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के सामने पहुंचे तो ट्रैक्टर का एक्सल अचानक टूट गया। जिससे संतुलन बिगड़ने के कारण तूड़े से भी ट्राली सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत फिरोज, खुर्शिद, सोनू व शहजान भी घायल हो गए। शुक्रवार को उपचार के बाद चारों को घर भेज दिया गया।

### नेशनल अस्मिता लीग 2025 में सृष्टि दहिया ने रजत पदक जीता



**सोनीपत राष्ट्रीय अस्मिता** खेलो इंडिया महिला 2024-25 अंडर 18 वर्ष लीग में सृष्टि दहिया ने रजत पदक जीता । सृष्टि योगासन खेलों में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं । सोनीपत के ब्राइट स्कॉलर स्कूल की छात्रा ने अपने प्रदेश और अपनी सृष्टि योगा अकैडमी का नाम फिर से रोशन किया है । 5 से 7 जनवरी आनन्दधाम आश्रम बक्करवाला दिल्ली में इन खेलों का आयोजन किया गया । 22 राज्यों के 270खिलाड़ियों ने भाग लिया । सृष्टि ने इसी प्रतियोगिता के नार्थ जोन में स्वर्ण पदक हासिल किया । खेलो इंडिया के माध्यम से इस प्रतियोगिता का आयोजन नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया ।

### कार्डधारक एक हजार किलोमीटर तक कर सकते हैं नि:शुल्क यात्रा

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में अंत्योदय परिवारों के लिए चलाई जा रही हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी कार्ड) का जिला के करीब 84 हजार 43 नागरिक लाभ उठा रहे हैं। जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रूपए या इससे कम है, वह हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हैप्पी कार्ड स्कीम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जून 2024 में प्रदेश के सभी जिलों में विधिवत रूप से आरंभ किया था। हरियाणा सरकार की इस योजना के अनुसार हैप्पी कार्डधारक नागरिक रोडवेज की बसों में हर साल एक हजार किलोमीटर तक निःशुल्क सफर कर सकता है। कार्ड का हर साल नवीनीकरण किया जाएगा। एटीएम की तरह नीले रंग का दिखाई देने वाला हैप्पी कार्ड बांटने के लिए परिवहन विभाग ने टीमें बनाई हुई हैं। डीसी ने बताया कि हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए करीब 1लाख 14 हजार लोगों ने आवेदन किया हुआ है। इनमें से करीब 84043 को कार्ड दिया जा चुका है। यह प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रूपए या इससे कम है।

# एसडीएम सतिन्द्र ने रैन बसेरे का का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: एसडीएम** अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने अम्बाला छावनी बस स्टैण्ड के नजदीक स्थापित रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं को जांचा। इस मौके पर उन्होंने रैन बसेरे में रूकने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरे से सम्बन्धित जानकारी हासिल की। एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने निरीक्षण के दौरान जहां यहां पर दी जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली वहीं पीने के पानी के लिए जो यहां पर आर.ओ लगाया गया था उसे सही तरह से क्रियान्वित करवाने बारे निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान अपील की कि कोई भी राहगीर



या जरूरतमंद यहां आकर यहां पर निशुल्क रह सकता है। यहां पर रैन बसेरे में महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग से व्यवस्था की हुई है। उन्होंने रैन बसेरे से सम्बन्धित नगर परिषद के अधिकारियों से कहा कि यहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य करें और समय-समय पर यहां का निरीक्षण भी करें ताकि जो भी व्यवस्था की जानी है वह समय रहते की जा सके। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि रैन बसेरे में रूकने से सम्बन्धित पोस्टर भी चस्पा करवाएं ताकि अन्य को भी इसकी जानकारी हो और वे रैन बसेरे से सम्बन्धित सुविधाओं का लाभ ले सकें। रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान एसडीएम को अधिकतर व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली। एसडीएम ने इस मौके पर यह भी कहा कि अम्बाला छावनी बैंक रोड खालसा स्कूल के पास नेकी की दीवार का भी शुभारम्भ किया गया है यहां पर भी कोई दानी सज्जन अपनी स्वेच्छा से सर्दी के गर्म वस्त्र यहां पर दे सकता है ताकि कोई भी जरूरमंद व्यक्ति उन वस्त्रों को यहां से ले सके।
उन्होंने यह भी कहा कि रैन बसेरे के नजदीक भी नेकी की दीवार क्रियान्वित है, यहां भी कोई दानी सज्जन स्वेच्छा से सर्दी के गर्म वस्त्र उपलब्ध करवा सकता है ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों को यह वस्त्र उपलब्ध हो सकें।

# श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में स्कूल में पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के मुख्य अतिथि डॉक्टर पूजा वालिया प्रिंसिपल प्रताप स्कूल करनाल और डॉक्टर निशा कुमारी वाईस प्रिंसिपल गोल्डन हरियर स्कूल सोनीपत का कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा जी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान, मेहर सिंह भी



उपस्थित थे।मुख्य अतिथियों ने स्वयंसेवको द्वारा की गई पेंटिंग का निरीक्षण किया और स्वयंसेवको को जीवन मे उत्साहित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य मनीष घनघस ने स्वयंसेवकों को बताया कि हर व्यक्ति में किसी न किसी प्रकार की कला होती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को कला को और अच्छे तरीके से उभारने और प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया।

# नेपाल में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में 6 वर्षीय गौरांगी ने जीता सिल्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंबाला शहर** के जग्गी कॉलोनी निवासी गौरांगी ने 8 जनवरी 2025 को नेपाल में आयोजित पांचवी ओपन इंडो नेपाल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। मात्र 6 वर्ष की आयु में गौरांगी ने असाधारण प्रदर्शन किया। अंबाला रोलर स्केटिंग अकादमी की छात्रा गौरांगी अपनी जीत का श्रेय अपने कोच नितिन सैनी को देती हैं, जिन्होंने 4 महीने में उसे इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अच्छे से प्रशिक्षण दिया है। अंबाला के सेंट जोसेफ स्कूल में पढ़ने वाली गौरांगी अपनी होशियारी और



बुद्धिमत्ता के लिए भी जानी जाती हैं। उनके खेल और शैक्षणिक सफलता में उनका परिवार भी समान रूप से योगदान देता है, खासकर उनके नाना प्राण नाथ (90410-74013) जो उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहते हैं।

# प्रशिक्षण के दौरान नवनियुक्त पटवारियों को दिए महत्वपूर्ण टिप्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**/सोमपाल सैनी**
खरखौदा स्थित उपमंडल कार्यालय में नवनियुक्त पटवारियों के लिए ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को खरखौदा एसडीएम निर्मल नागर और डीआरओ हरिओम अत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पटवारियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। एसडीएम निर्मल नागर ने पटवारियों को उनकी जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में पटवारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



इसलिए उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। डीआरओ हरिओम अत्री ने तकनीकी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए जमीन के रिकॉर्ड में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। इस ट्रेनिंग में जिले भर के पटवारियों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य नए पटवारियों को कार्य के व्यावहारिक पहलुओं और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना है।

# बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध: डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा है कि बाल श्रम रोकने के लिए सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सभी की सहभागिता बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि समाज व प्रशासन की सतर्कता बच्चों के बिगड़ते भविष्य को सुधार सकती है और ऐसे बच्चों के जीवन में उजाला ला सकती है, जो किसी ना किसी कारणवश बाल श्रम के दलदल में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से बाल श्रम रोकने के लिए पेंसिल पोर्टल भी शुरू किया है।

# आज शिक्षा मंत्री करेंगे एनईपी-2020 के सुझाव के अभियान का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, 11 जनवरी। कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद् गीता सदन (ऑडिटोरियम हॉल) में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सुझाव के अभियान का शुभारम्भ कर इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षा क्षेत्र से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी वर्गों से विस्तृत चर्चा एवं व्यापक सुझाव भी लिए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेशभर के महाविद्यालयों एवं स्कूलों के 2000 से अधिक प्राचार्य एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। कुरुक्षेत्र



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच किया गया है। इसका लक्ष्य 2030 तक एनईपी को पूरे देश में लागू करना था तथा हरियाणा में 2025 तक शिक्षा नीति को पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय भी लिया गया था। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने देश में सबसे पहले विश्वविद्यालय परिसर व अपने सम्बन्धित कॉलेजों में एनईपी-2020 को सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति हर संस्थान, यूनिवर्सिटी, शिक्षक, विद्यार्थी को सृजनात्मकता, नवाचार को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्रदान करती है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा प्रेस कांफ्रेंस में इस विषय की अहम जानकारी भी साझा करेंगे।

**स्वामी विवेकानंद जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सहित उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अधिकारी एवं कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# हिंदी भाषा-साहित्य के प्रति छात्रों को गौरवान्वित होना चाहिए: डॉ. सोनिका

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंबाला:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंजोखरा साहब के विद्यार्थियों ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ड्राइंग ,पेंटिंग, कविता पाठ और ऑनलाइन क्विज के माध्यम से हिंदी के प्रति अपने प्रेम को उजागर किया। इस संदर्भ में विद्यालय में कार्यरत हिंदी प्राध्यापिका डॉ. सोनिका ने बताया कि आजकल शीतकालीन अवकाश के चलते विद्यालय में प्रतियोगिताएं सम्भव नहीं हो सकती थी इसलिए इन प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को कक्षा आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्वैच्छिक रखा गया था।



विद्यालय की हिंदी प्राध्यापिका डॉ. सोनिका ने बताया कि भारत में हिंदी दिवस चौदह सितंबर को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है,परन्तु 2006 से हिंदी के विश्व स्तरीय प्रचार प्रसार के उद्देश्य से विश्व हिंदी दिवस दस जनवरी को मनाया जा रहा है।

# फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुनकर निवारण करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान थाना चौकी में फरियादियों की सुनवाई सुनिश्चित करने और नशा तस्करी पर और अधिक प्रभावी तरिके से अंकुश लगाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की थाना चौकी में आने वाले फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुने और मामले का त्वरित व निष्पक्ष निवारण किया जाए। इसके साथ ही पीड़ित की शिकायत चाहे ऑनलाइन, ऑफलाइन या उच्च अधिकारियों के कार्यालय के माध्यम से प्राप्त हुई है। उस पर त्वरित उचित कार्रवाई करें। थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज



मामले को स्वंय देखे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का उचित तरिके से निपटारा किया जाए ताकि आमजन का विश्वास पुलिस प्रशासन पर बना रहें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। अपने अधीनस्थ कार्यरत सभी पुलिस अधिकारियों की थाना चौकी में बैठक लेकर इस बारे बताए। शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इसमें थाना प्रबंधक व चौकी इंजार्ज की भी जिम्मेदारी निर्धारित होगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक कार्य आमजन की सुरक्षा व अपराधों पर अंकुश लगा कानून एवं व्यस्था को बनाए रखना है। इसके लिए सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने जिला में नशा तस्करी पर और अधिक प्रभावी तरिके से अंकुश लगाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा क्षेत्र में नशा तस्करों पर कड़ी नजर रखें। इसमे आमजन का भी सहयोग लिया जाए। नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़न के लिए नशा तस्कर को काबू करने के साथ सप्लायर को भी काबू करें। साथ ही नशा तस्करों द्वारा नशे की काली कमाई से अर्जित की अवैध संपत्ति को चिन्हित कर अटेच करने की प्रक्रिया अमल में लेकर आए। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी न केवल हमारे समाज के लिए एक गंभीर खतरा है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को भी प्रभावित करता है। गांव व कॉलोनियों में आमजन के साथ बैठक कर नशे के खिलाफ जागरूक करें। नशे को जड़ से खत्म करने के साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी तरिके से हर संभव कदम उठाए।

**ई साक्ष्य, ई सम्मन व ई चालान ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बैठक के दौरान अधिकारियों को ई साक्ष्य, ई सम्मन व ई चालान ऐप के विभिन्न फीचर्स और उनके महत्व के बारे में जानकारी देकर पुलिस कार्यप्रणाली में इसका उपयोग सटीकता से करने के निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा: रिढाऊ** गांव में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी दया सिंह की धर्मपत्नी भतेरी देवी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में नायब तहसीलदार अशोक कुमार प्रशासन की ओर से पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने सलामी देकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। भतेरी देवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दया सिंह की धर्मपत्नी थीं, जिन्होंने आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। दया सिंह



का निधन 17 नवंबर 2011 को हुआ था। नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों का योगदान देश हमेशा याद रखेगा। उनके जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। डा. केसी बांगड, राजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, श्रीभगवान, ऋषिपाल व जितेंद्र सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'राहुल गांधी 13 जनवरी को विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुदीन ने घोषणा की कि सीलमपुर विधानसभा में 13 जनवरी, 2025 को 'जय भीम, जय संविधान' विशाल जनसभा को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संबोधित करके दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का चुनावी विगुल बजाएंगे। जनसभा में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता को मौजूद रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, के प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरीशंकर गुप्ता, नेशनल मीडिया कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, प्रवक्ता रश्मि सिंह मिगलानी और आस्मा तसलीम भी मौजूद थी। काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राहुल गांधी ने देश की समस्याओं को समझने और जानने के लिए हजारों किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में निकाली गई। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान लाखों लोगों जिनमें गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यको और हजारों सामाजिक संस्थाओं और कल्याण कार्य करने वाली एनजीओ से बात की और करोड़ो देशवासियों की समस्याओं का कैसे निवारण किया जाए, उसके लिए जनता की




आवाज बनकर कांग्रेस पार्टी काम कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली कांग्रेस ने दिल्ली के लोगों के लिए प्यारी दीदी योजना और जीवन रक्षा योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें है वहां देशवासियों के विकास और बेहतर जीवन देने के लक्ष्य को अंजाम दे रही हैं। काजी निजामुद्दीन ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद भी राहुल गांधी वंचितों, दलितों, पिछड़ो, अल्पसंख्यकों और गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले लोगों और विशेषकर किसानों की परेशानियों और संकट से लगातार रुबरु होते हुए उन्हें न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे है और उन्होंने बताया कि राहुल गांधी दिल्ली में पिछले दिनों आनन्द विहार पर लोगों से मिले, सैलून वालों से, मोटर मैकेनिक, कारपेन्टर, कुम्हार, सड़क पर रोजी रोटी कमाने वाले, महंगाई का आंकलन करने के लिए आजादपुर सब्जी मंडी सहित हर वर्ग के लोगों से मिलकर दिल्ली वालों की समस्याओं को जानने की कोशिश कर रहे है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की सफल महीने भर की दिल्ली न्याय यात्रा, जिसमें दिल्ली के लाखों निवासियों ने भाग लिया। दिल्ली को केजरीवाल सरकार और भाजपा के 11 साल के कुशासन और तबाही से बचाने के लिए दिल्ली की जनता ने कांग्रेस सत्ता में वापस लाने के लिए दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया है। राहुल के दिल्ली आंकलन के बाद भविष्य में दिल्ली की जनता को बेहतर जीवन शैली प्रदान करने में दिल्ली कांग्रेस किस प्रकार सहायक बनेगी, उन सभी समस्याओं को अपने घोषणा पत्र में जनता से किए वादों को सार्थक करने के लिए डालेंगे।

श्री काजी ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती है और कांग्रेस शासित राज्यों में करके दिखा रहे हैं और दिल्ली में जनता के सहयोग से सरकार बनाने के बाद दिल्ली की जनता तक सभी गारंटियां का फायदा पहुंचाने के लिए एक मिसाल कायम करेंग। क्योंकि पिछले 11 वर्षों में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता सिर्फ धोखा दिया है।

# बादली विधानसभा: कलंदर कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बादली विधानसभा क्षेत्र के** कलंदर कॉलोनी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र के परिवारजनों से संवाद किया। इस दौरान देवेन्द्र यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपने बहुमूल्य मत एवं समर्थन के साथ विजयी बनाने की अपील की। यह मतदान बादली विधानसभा क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, हमने जो आपसे कहा है, वह करके दिखाया है। इसलिए आप सभी कांग्रेस का साथ दे और क्षेत्र में विकास पाये। इस मौके पर कार्यकर्ता व लोग मौजूद रहे।

# बहाने नहीं बदलाव चाहिए का टाइटल प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिया: मनोज तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं प्रदेश महामंत्री सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिति में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तिवारी के भाजपा के कैम्पेन गाने बहाने नहीं बदलाव चाहिए। दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए को गाया और उसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा आज इस गाने को दिल्ली में खूब पसंद किया जा रहा है। इसकी रिकार्डिंग सफदरजंग के स्टूडियो में हमने रात दो बजे बाद की पर उत्साह ऐसा था



की रिकार्डिंग एक टेक में पूरी हुई। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की सांसद मनोज तिवारी के गीत हमेशा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हैं और जब यह गीत 5 सितंबर की प्रधानमंत्री की रैली में बजा तो लोगों के उत्साह ने दिखा दिया की मनोज तिवारी का यह गीत दिल्ली में बदलाव का कारक बनेगा।

मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी एवं भाजपा नेता नीलकांत बख्शी भी उपस्थित थे।


वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पूरी दिल्ली में अब सिर्फ एक ही चर्चा हो रही है कि दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए। दिल्लीवाले पिछले 10 सालों से आप-दा सरकार के दिल्लीवालों के पैसों से ऐश करने से त्रस्त है और अब समय आ चुका है जब दिल्लीवाले इसका बदला लेंगे।

उन्होंने कहा कि मनोज तिवारी द्वारा गाया गाना दिल्ली में बदलाव लाने में एक अहम रोल अदा करने जा रहा है।

# मुकुंदपुर वार्ड: अपने घरों की भांति शहर को भी रखें साफ व स्वच्छ: गुलाब सिंह राठौर







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मोदी के** स्वच्छ भारत अभियान को अमलीजामा पहनाते हुए बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर द्वारा वार्ड के जहांगीर पुरी इलाके में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जहांगीरपुरी ई ब्लॉक में एमसीडी के सीएसई डिपार्टमेंट कर्मचारियों द्वारा जेजे क्लस्टर में सफाई अभियान चलाया। गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि मेरे द्वारा समय-समय पर हमेशा से ही सफाई अभियान चलाया जाता रहा है। इसके साथ ही मेरे कार्यकर्ता भी हमेशा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर सजग रहते है, जो खुद भी खड़े होकर सफाई करवाते रहते है। राठौर ने कहा कि इलाके की साफ सफाई करना जितना निगम का और सफाई कर्मचारियों का काम है उतना ही हमारा खुद का भी फर्ज है कि हम भी साफ-सफाई में अपनी ज्यादा से ज्यादा भूमिका अदा करें। जिस तरह हम अपने घरों की साफ-सफाई करते है जिससे कि हमारा घर सुंदर भी लगे और स्वच्छता भी बनी रहे, ठीक उसी प्रकार से हमें हमारे गली मोहल्ले को भी स्वच्छ रखना चाहिए, जिससे कि हमारे घरों की भांति हमारा गली मोहल्ला व शहर भी सुंदर लगे। उन्होंने कहा कि वैसे भी जब से दिल्ली नगर निगम में जब से केजरीवाल सरकार आई है तब से निगम से सफाई संसाधनों में भी काफी कमी आई है, क्योंकि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के साफ-सफाई के संसाधनों पर ध्यान ने देते हुए बस भ्रष्टाचारी को ही तवज्जों दिया है।

# फेस्टा ने पुलिस अधिकारियों को समस्याओं से कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: फेडरेशन** ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से फेडरेशन के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सदर बाजार एसीपी सब डिवीजन सदर बाजार करण सिंह राणा, एसएचओ सहदेव सिंह तोमर सहित क्षेत्र के विभिन्न पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव पुलिस अधिकारियों को सदर बाजार की समस्या से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने बताया कि सदर बाजार में अतिक्रमण की बहुत ज्यादा दिक्कत है उसके साथ-साथ सदर बाजार थाने से लेकर 12



टूटी चौक तक जो पार्किंग है वह उसे पर दो-दो, तीन-तीन लाइन पार्क करते है जिसके कारण ट्रैफिक जाम रहता है, और आए दिन इसे आपराधिक घटनाएं होती रहती है। इसके साथ-साथ सदर बाजार में दलालों का भी बहुत ज्यादा आंतक है खरीदार दलालों के शिकार बन जाते हैं जिसमें उनका काफी धोखा होता है। इस अवसर पर पम्मा व राकेश यादव पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ-साथ महिला पुलिसकर्मी भी मार्केट में तैनात किए जाएं, क्योंकि कई जेब कतरी महिलाओं को टारगेट करती है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार ने बताया फेस्टा पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर सदर बाजार की विभिन्न मार्केट में सर्वेंट वेरीफिकेशन अभियान चलाएगी।

जिससे इस बात की जांच हो सके कि कोई बांग्लादेशी या अपराधी अपनी पहचान छुपा कर तो नहीं रह रहा। इस अवसर पर एसीपी सदर बाजार व एसएचओ ने सारी समस्या सुनने के बाद व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही इन समस्याओं का निर्धारण करेंगे और हर महीने व्यापारियों के साथ एक बैठक किया करेंगे।

# दिल्ली के मतदाता हुए जागरूक, अब नहीं आप के झूठे वादों में फंसने वाले: दीपक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: धरने प्रदर्शन** व भ्रष्टाचार के मुद्दे को भुनाकर झूठ के बूते दिल्ली की सत्ता मे काबिज हुई आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री से लेकर सांसद व विधायक भ्रष्टाचार से पूरी तरह लिप्त है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को पूरे दस साल होने को है लेकिन दिल्ली व दिल्लीवासीयों का जीवन सुविधाओं के अभाव में नर्क से भी बद्तर हो गया है, जिसमें कि दिल्ली की सत्तर विधानसभाओं में से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का सबसे ज्यादा बुरा हाल है। उक्त सभी बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व जनता



दल यूनाईटेड के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कही। दीपक गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में जब से केजरीवाल की सरकार आई है तभी से दिल्ली में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां एक ओर तो दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली को पेरिस बनाने का सपना लोगों को खुली आंखो से दिखा रहे है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली वाले मुलभूत सुविधाएं मिलने की बाट जों कर बैठे हुए है। जहां एक ओर तो इस अत्याधुनिक काल में देश तरक्की कर-के चांद तक पहुंच चुका है और केजरीवाल की सरकार में दिल्ली की जनता बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ सहित अन्य सुविधाओं को त्रस्त है। गुप्ता ने कहा की आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार को सच का आईना दिखाकर दिल्ली की सत्ता से भगाने वाली है।

# दिल्ली भाजपा का झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन अभूतपूर्व उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी क्लस्टरों में चलाये जा रहे राजनीतिक विस्तार अभियान के अंतर्गत नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में "झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन" का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया।

सम्मेलन को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सम्बोधित किया। सम्मेलन में आये लगभग 1000 झुग्गी क्लस्टरों के प्रधानों का स्वागत दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी सांसद बैजयंत पांडा, सह प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री डा. अल्का गुर्जर एवं सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आलावा सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और संयोजक विष्णु मित्तल ने किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन को संगठन महामंत्री पवन राणा के मार्गदर्शन एवं महामंत्री विष्णु मित्तल के संयोजन में प्रदेश पदाधिकारियों सुनीता कांगड़ा, सोना कुमारी, सुशील चौहान, सुनील कुकरेजा, किशन शर्मा, सत्येन्द्र सिंह, बृजेश राय एवं श्रीकृष्णा आदि की संयुक्त टीम के प्रयासों ने सफल बनाया। अमित शाह ने अपने सम्बोधन से





पूर्व कहा की यहां उपस्थित झुग्गी प्रधानों एवं प्रतिनिधियों का उत्साह बदलाव का सूचक है। अमित शाह ने कहा कि गत वर्ष आज ही राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा का जयघोष हुआ था और आज भाजपा की सरकार दिल्ली में बनाने की भी जयघोष हो रहा है। देश भर के भाजपा संगठन में दिल्ली भाजपा ने एक अनुठा इतिहास बनाया है जब 26 सप्ताह तक झुग्गीवासियों के बीच जाकर उनका दुख दर्द, वायदा खिलाफी के खिलाफ रोष को सुन कर उसकी लिस्ट भी बनाई है और समाधान का प्रयास भी शुरू किया है। जब हमारा घोषणा पत्र आएगा तो आपकी हर दर्द का इलाज होगा। भाजपा का घोषणा पत्र आप-दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं होता कि वोट ले लिए और फिर 5 साल के बाद नए झूठ के साथ वोट लेने के लिए आ गए। भाजपा का घोषणा पत्र मोदी की गारंटी है और धरातल जमीन पर पूरा करने की गारंटी होगा। उन्होंने झुग्गीवासियों से कहा कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं और दिल्ली को कई आपदाओं से मुक्त करा सकते हो। 5 फरवरी दिल्ली की आप-दा से मुक्ति का दिन है और भ्रष्टाचार से मुक्ति प्राप्त करना है। अन्ना हजारे जैसे संत पुरुष को आगे करके जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया और सत्ता में आए उन्होने सभी सरकारों के रिकॉर्ड भ्रष्टाचार तोड़ दिये। आम आदमी पार्टी तो दिल्ली के लिए आप-दा बनी हुई है लेकिन अरविंद केजरीवाल तो आम आदमी पार्टी के लिए ही आप-दा बने हुए हैं।

जहां केजरीवाल-सिसोदिया जाते हैं दिल्ली वालों को शराब की बोतल दिखाई पड़ती है।

# पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपाल निभा रहे अहम भूमिका

## प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन और आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा पारदर्शी और जनहितैषी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए, आवास प्लस के नए मानकों के अनुसार लाभार्थियों का चयन तेज गति से किया जा रहा है। इस पहल में ग्राम चौपालें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है।




**ग्राम चौपालों के माध्यम से हो रही है पारदर्शी चयन प्रक्रियाः** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में हर शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन शुरू किया है। इन चौपालों में ह्लगांव की समस्या-गांव में समाधानह्व के सिद्धांत पर कार्य करते हुए, ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामवासियों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी सुनिश्चित कर रही है।

चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन तेजी से हो रहा है। इसके लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण शुरू किया गया है, जिसमें ह्लआवास प्लस एपह्व का उपयोग किया जा रहा है। यह एप न केवल चयन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी सुगम बना रहा है।

**आवेदन प्रक्रिया में सरलीकरण और तकनीकी सुधारः** पहले लाभार्थियों को योजना का लाभ पाने के लिए कार्यालयों में जाकर ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। अब सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। इच्छुक आवेदक ह्लपीएमएवाई मोबाइल एपह्व के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में जमा करने होंगे, जहां उनका सत्यापन किया जाएगा।

ग्राम चौपालों के जरिए इस प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां योजना की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं।

**ग्राम चौपालों के माध्यम से व्यक्तिगत, सार्वजनिक समस्याओं का हो रहा समाधानः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सरकार गांवों की जमीनी समस्याओं को हल करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम कर रही है। ग्राम चौपालों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है।

चौपालों के जरिए योजना से जुड़ी सभी जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तहसील और थाना दिवसों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों और लाभों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है।

# अयोध्या में प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का हुआ महाभिषेक, फूलों से सजा है दरबार

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः श्रीराम** जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक और महाआरती का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। आज रामलला को दिल्ली से आई सोने-चांदी के तारों से कढ़ाई की गयी पीतांबरी को धारण कराया गया। भव्य श्रृंगार के बाद दोपहर 12:20 बजे भगवान की भव्य आरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रतिष्ठा द्वादशी पर शुरू हुआ यह उत्सव लगातार तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रामलला के उत्सव में शामिल हुए। वे महाआरती के बाद सीधे हेलीपैड से राम मंदिर पहुंच कर रामलला के उत्सव में सम्मिलित हुए। आदित्यनाथ ने रामलला के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की उतारी आरती। मुख्यमंत्री ने विधिवत दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लिया। योगी ने साधु-संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया। इसके पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या पहुंचने पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी से अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या

**मीरजापुर: चुनार** क्षेत्र में युवक विकास मौर्या की हत्या के मामले में मीरजापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदीप चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल, कपड़े और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। 10 जनवरी को बाबूलाल मौर्या ने अपने पुत्र विकास मौर्या की हत्या और शव को छिपाने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी थी। इसके आधार पर थाना चुनार में संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन वर्मा के निर्देशन में एसओजी, सर्विलांस और थाना चुनार की टीम ने मिलकर घटना से जुड़े सुराग जुटाए। मुखबिर की सूचना पर दुगार्जी मोड़ के पास से अभियुक्त प्रदीप चौहान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित प्रदीप चौहान ने बताया कि उसे मृतक विकास मौर्या के उसकी पत्नी से अवैध संबंध होने का शक था। इसी के चलते उसने हत्या की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। प्रभारी निरीक्षक चुनार रविन्द्र भूषण ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### अराजक तत्वों ने तोड़ी हनुमान जी की गदा, मौके पर पुलिस बल तैनात

**बलिया: जिले** के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर के गोलाबाजार स्थित महावीर मंदिर में शुक्रवार की शाम हनुमान जी की मूर्ति की गदा को अराजकतत्वों द्वारा खंडित करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना जैसे ही हुई, भाजपा नेताओं सहित भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई। इस घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर दी गई।

मंदिर के आसपास के निवासियों का आरोप है कि शुक्रवार की शाम को किसी अराजकतत्त्व ने हनुमान जी की गदा को खंडित कर दिया। लोगों को इसकी जानकारी होने पर भारी संख्या में भीड़ मंदिर पहुंच गई। आरोप है कि माहौल बिगाड़ने के लिए शरारतीतत्वों ने मूर्ति तोड़ी है। मामला बढ़ता देख मौके पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंचकर जांच में जुट गए। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष विकास चंद पाण्डेय व चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश तिवारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। वहीं, शनिवार को इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जो दोषी होगा, उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में सर्च अभियान के दौरान बंदूक के साथ नेपाली शिकारी को एसएसबी व वन विभाग ने पकड़ा

**बलरामपुर: सशस्त्र** सीमा बल (एसएसबी) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद में पचपेड़वा थाना क्षेत्र के नेपाल सीमा के पास भगवानपुर वन क्षेत्र से एक नेपाली शिकारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए के पास से भरुई बंदूक, बारूद और शिकार में प्रयोग होने वाला अन्य सामान बरामद किया गया है। शनिवार को एसएसबी अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को सूचना मिली थी कि कुछ नेपाली शिकारी भगवानपुर सीमा चौकी के कार्यक्षेत्र के संरक्षित वन में शिकार करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर एसएसबी और वन विभाग की टीम ने कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया, जिसमें एक नेपाली शिकारी को पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तार शिकारी की पहचान नेपाल के कपिलवस्तु जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के जबा बैराठ निवासी राजेश (26 वर्ष) के रूप में हुई है। पकड़े गए खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान एसएसबी नौवीं वाहिनी के सहायक उप निरीक्षक मदनलाल, मुख्य आरक्षी संजय कुमार दास, और आरक्षी राजेश कुमार, मुकेश शाह, पार्थ व किशोर कुमार शामिल थे। वन विभाग से फॉरेस्ट गार्ड शैलेश कुमार पाठक और वन दरोगा सूर्यनारायण सिंह मौजूद रहे।

### मुरादाबाद में लक्ष्य के करीब पहुंची धान खरीद, अभी 19 दिन बाकी

**मुरादाबाद: मुरादाबाद** मंडल में 5.04 लाख टन के सापेक्ष अब तक 4.22 लाख टन खरीद हो चुकी है। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 92 फीसदी खरीद हो चुकी है। अभी धान खरीद में 19 दिन का समय बाकी है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और प्रभारी मंडलीय संभागीय खाद्य नियंत्रक शैलेश कुमार ने शनिवार को बताया कि अमरोहा ने धान खरीद का लक्ष्य हासिल कर लिया है। संभल में 94 प्रतिशत व रामपुर और बिजनौर में 75 प्रतिशत खरीद हुई। मंडल में कुल खरीद का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक धान मिलों को भेज दिया है।

86 प्रतिशत सीएमआर की डिलीवरी भारतीय खाद्य निगम को हो चुकी है। 31 जनवरी को धान खरीद समाप्त हो जाएगी।

# कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन लेंटर गिरने से हादसा

**कन्नौजः रेलवे** स्टेशन पर शनिवार को निमार्णाधीन लेंटर अचानक ढह गया। मलबे में 20 मजदूर दब गए। राहत बचाव कार्य करते हुए अब तक छह लोगों को बाहर निकाला गया है। सीनियर अफसरों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत दो मंजिला नई बिल्डिंग बनायी जा रही थी। शनिवार सुबह लेंटर डालने का काम चल रहा था, तभी अचानक पूरा लेंटर ढह गया। मलबे में 20 मजदूर दब गए। हादसे की सूचना पाकर रेल और जिला प्रशासन के आला अफसर मौके पर पहुंच गए।

# जनपद में 25 हजार से अधिक मतदाता बढ़े, नई सूची जारी

**मथुरा।** बीती साल अक्तूबर में चले मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने नई मतदाता सूची जारी कर दी है। बीते साल की तुलना में इस साल 25 हजार 732 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख दर्ज की गई है। जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल ने बताया है कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 19 लाख 37 हजार 307 है, जो 29 अक्तूबर, 2024 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची की तुलना में 0.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# कंबल पाकर खुशी से खिल उठे जरूरतमंद

## धर्म नगरी मथुरा में श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति ने की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः बढ़ती** ठंड की मार को देखते हुए श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति ने मथुरा के बीएन पोद्दार कॉलेज में एक नेक पहल की। समिति ने कॉलेज परिसर में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन लोगों को राहत प्रदान करना था जो सर्दी के मौसम में विशेष रूप से कमजोर स्थिति में हैं। ठंड में लोग गर्म कपड़ों की कमी के कारण संघर्ष करते हैं। समिति ने इन लोगों को सहारा देने की पहल करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से किया। कंबल प्राप्त करने वाले लोगों ने खुशी व्यक्त की। अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा कि हम एक साथ मिलकर काम करते हुए लोगों के जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। यह पहल इस दिशा में उठाया गया एक छोटा सा कदम है। संस्था भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों को जारी रखेगी और समाज की सेवा में अपना योगदान देती रहेगी। हरेंद्र सोनी ने कहा कि ठंड को देखते हुए संस्था का कंबल वितरण भोजन व भोजन वितरण अभियान निरंतर जारी है। कार्यक्रम के आयोजन पर सुनील शर्मा, सिद्धार्थ जैन, लव मित्तल, प्रदीप वेदवाल, मनीषा उपाध्याय, रामगोपाल सिंह, विपिन वशिष्ठ व योगेश कौशिक आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की। व्यवस्था में अवधेश चौधरी, दीपू, आकाश ठाकुर, रवि दीक्षित, मुदित हिंदू, यतेंद्र प्रताप सिंह, अशोक पाठक, गौरव चौधरी, बबलू पाठक, अशोक पाठक, देवो पाठक आदि का विशेष सहयोग रहा।

**अभियान**

▶▶ हरेंद्र सोनी ने कहा कि ठंड को देखते हुए संस्था का कंबल वितरण भोजन व भोजन वितरण अभियान निरंतर जारी

# पुलिस प्रशासन पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच आज

**मथुरा।** पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन अमरनाथ महाविद्यालय के खेल मैदान में 12 जनवरी (आज) आयोजित होगा, कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि इस क्रिकेट मैच की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं पत्रकार एकादश द्वारा आज जहां अमरनाथ स्कूल के प्रांगण में कमरतोड़ मेहनत कर मैच जीतने की तैयारी की गई वही पुलिस प्रशासन टीम के कप्तान डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया तो उनकी टीम ने आज पुलिस ग्राउंड में अभ्यास कर मैच जीतने की तैयारी पूर्ण कर ली है।

# आरोप : हड्डी के डॉक्टर ने कर दिया गर्भवती महिला का ऑपरेशन, मौत

## गर्भवती महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा, जांच टीम गठित

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः नवाबाद** थाना क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल में आज सुबह उस समय हंगामा हो गया जब एक वहां भर्ती गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि हड्डी के डॉक्टर ने गर्भवती महिला का गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही डॉक्टर उपचार की फाइल लेकर गायब है। सूचना पर पहुंची नवाबाद, सदर बाजार थाना की पुलिस बल के साथ एसपी सिटी व सीओ सिटी ने मृतक महिला के परिजनों की बात सुनी और उन्हें कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर के पास चर्चित हड्डी जोड़ विशेषज्ञ डॉक्टर संजय त्रिपाठी का अस्पताल बना हुआ है। डॉक्टर संजय त्रिपाठी की पत्नी नंदिता त्रिपाठी गायनिक की डॉक्टर है। दोनों हॉस्पिटल में मरीजों का उपचार करते है। उन्नाव बालाजी रोड अयोध्या पुरी कॉलोनी निवासी मुकेश राजपूत ने अपनी गर्भवती पत्नी सोनम राजपूत को शुक्रवार की रात इन्हीं के हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के बाद देर रात महिला की मौत हो गई। इस पर मुकेश और उसके परिजन आक्रोशित हो गए और डॉक्टर पर गलत तरीके से ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

मुकेश का आरोप था कि हड्डी जोड़ विशेषज्ञ डॉ. की पत्नी नंदिता गायनिक है, लेकिन उन्होंने उसकी पत्नी का ऑपरेशन नहीं किया।

# चाइनीज मांझे से कटी सिपाही की गर्दन,हुई

**शाहजहांपुर**

**चौक** कोतवाली क्षेत्र में बाइक से जा रहा एक सिपाही चाइनीज मांझे की चोपट में आ गया। गर्दन कट जाने से सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। जनपद अमरोहा निवासी शारुख हसन (35) शाहजहांपुर में सिपाही के पद तैनात है। आरक्षी शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाइक बरेली मोड़ की तरफ जा रहा था। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजिजगंज में बाइक सवार आरक्षी की गर्दन अचानक सड़क पर आकर गिरे चाइनीज मांझे में उलझ गई। आरक्षी जब

# नागा और अघोरी साधुओं की जीवनशैली



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर**

**प्रयागराज** महाकुंभ की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। अखाड़ों के छावनी प्रवेश से लेकर, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का संगम की पवित्र भूमि पर आना लगातार जारी है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में पुण्य का भागी बनने के लिए देश और दुनिया के कोने-कोने नागा और अघोरी साधु भी पहुंच रहे हैं। अक्सर नागा और अघोरी साधु को एक ही मान लिया जाता है। सनातन धर्म की अखाड़ा व्यवस्था में नागा साधुओं को धर्म का रक्षक माना जाता है, जबकि अघोरी साधु अपनी अद्भुत और रहस्यमयी प्रथाओं के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, इन दोनों के तप करने के तरीके, जीवनशैली, ध्यान और आहार में भिन्नता होती है, लेकिन यह सत्य है कि दोनों ही शिव की आराधना में संलग्न रहते हैं। 12 वर्षों की कठोर तपस्यानागा साधुओं और अघोरी बाबाओं को अत्यंत कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है। साधु बनने के लिए इन्हें लगभग 12 वर्षों की कठोर तपस्या करनी होती है। अघोरी बाबा श्मशान में साधना करते हैं और उन्हें वर्षों तक वहीं समय बिताना पड़ता है। धर्म के रक्षक नागा साधुह्यनागाह्व शब्द की उत्पत्ति के संबंध में कुछ विद्वानों का मानना है कि यह संस्कृत के ह्यनागाह्व से आया है, जिसका अर्थ ह्यपहाड़ह्व होता है। नागा साधुओं का मुख्य उद्देश्य धर्म की रक्षा करना और शास्त्रों के ज्ञान में निपुण होना है। वे अखाड़ों से जुड़े हुए होते हैं और समाज की सेवा करते हैं साथ ही धर्म का प्रचार करते हैं। ये साधू अपनी कठोर तपस्या और शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। नागा साधु अपने शरीर पर भस्म लगाते हैं। नागा साधु धर्म और समाज के लिए काम करते हैं। मानव खोपड़ी अघोरी साधुओं की खास निशानीअघोरी शब्द का अर्थ संस्कृत में ह्यउजाले की ओरह्व होता है। अघोरी साधुओं को भगवान शिव का अनन्य भक्त माना जाता है। वह हमेशा अपने साथ एक मानव खोपड़ी रखते हैं, जो उनकी भक्ति का प्रतीक है। भगवान दत्तात्रेय को अघोरी संतों का गुरु माना जाता है, जिन्हें शिव, विष्णु और ब्रह्मा का अवतार कहा जाता है। ये साधु दुनिया की आम परंपराओं से दूर रहकर जीवन और मृत्यु के रहस्यों को समझने में लगे रहते हैं।


# सांसद साक्षी महाराज पहुंचे कुंभ नगरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर**

**संगमनगरी** में साधु-संतों और श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है। निर्मल अखाड़े के महामंडलेश्वर और बीजेपी सांसद साक्षी महाराज भी पहुंच चुके हैं। उन्होंने इस मौके पर गहरा आनंद व्यक्त किया और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिसका नाम ही रावण है, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है।

**नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के बयान पर पलटवारः** आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने महाकुम्भ पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि यहां "पापी अपने पाप धोने आते हैं।" इस पर साक्षी महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "जिसका नाम ही रावण है, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है। महाकुम्भ केवल पवित्रता और आध्यात्म का पर्व नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है। चंद्रशेखर आजाद जैसे लोगों को समझना चाहिए कि यह आयोजन केवल हिंदू धर्म ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज को दिशा देने का कार्य करता है।"



अखिलेश यादव पर निशाना समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य विपक्षी नेताओं पर सवाल उठाते हुए साक्षी महाराज ने कहा, "यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक क्षण पर विपक्ष के नेताओं ने न तो इसे समर्थन दिया और न ही मंदिर में दर्शन के लिए आए। राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर है।" उन्होंने यह भी कहा कि महाकुम्भ के दौरान मुलायम सिंह यादव की मूर्ति लगाए जाने का फैसला अनुचित है।

**महाकुम्भः आस्था और आध्यात्म का संगमः** महाकुम्भ मेला, जो हर 12 वर्षों में आयोजित होता है, भारतीय संस्कृति और धार्मिक परम्पराओं का अद्भुत संगम है। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर इस बार का महाकुम्भ विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि लाखों श्रद्धालु यहां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करने के लिए आएंगे। साधु-संतों के अलावा, देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने पहुंच रहे हैं। **साधु-संतों का पहुंचना शुरूः**

निर्मल अखाड़े सहित विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत पहले से ही कुम्भनगरी में डेरा डाल चुके हैं।

# दक्षिण भारतीय वृद्ध ने मोक्ष की कामना से गंगा में लगाई छलांग, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः भेलूपुर** थाना क्षेत्र के तुलसीघाट पर शनिवार को एक दक्षिण भारतीय वृद्ध का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को गंगा नदी से निकलवाने के बाद शिनाख्त आदि के कार्रवाई के बाद शव को मच्र्यूरी में भिजवा दिया। छानबीन में सामने आया कि वृद्ध ने शुक्रवार देर रात अपने पुत्र को सुसाइड नोट भेजने के बाद मोक्ष की कामना से गंगा में कूद कर अपनी जान दे दी। वृद्ध की पहचान प्लाट नंबर 44 नेहरू कॉलोनी वेलरी कर्नाटक निवासी श्रीनिवास मूर्ति (65) के रूप में हुई। मृत वृद्ध के पुत्र व परिजन कर्नाटक से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर के अनुसार आत्महत्या के पहले वृद्ध ने बेटे सिद्धार्थ के मोबाइल पर सुसाइड नोट भेजकर काशी में मोक्ष की कामना से गंगा में शरीर त्यागने की बात लिखी थी। मोबाइल पर मैसेज मिलते ही सिद्धार्थ ने वाराणसी कंट्रोल रूम के नंबर पर फोनकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम गुरुबाग इलाके में पहुंची जहां होटल में वृद्ध ठहरे थे।

वहां बता चला कि वृद्ध सुबह रूम में ताला बंदकर बाहर घूमने चले गए है। उनका मोबाइल भी बंद था। छानबीन में वृद्ध के मोबाइल फोन का अन्तिम लोकेशन अस्सीघाट पर मिला था। भेलूपुर पुलिस के अनुसार वृद्ध के परिजनों के वाराणसी आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम होगा।

**मोक्ष की कामना**

▶▶ वृद्ध सुबह रूम में ताला बंदकर बाहर घूमने चले गए है। उनका मोबाइल भी बंद था

# मुंबई एक्सप्रेस में सवार रेलयात्री के गहने व रुपये चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः बांद्रा** टर्मिनस से लालकुआं के बीच चलने वाली मुंबई एक्सप्रेस में मुंबई से मुरादाबाद आ रहे मुम्बई निवासी बंगाली परिवार के गहने व रुपये चोरी हो गए। मामले में पीड़ित रेल यात्री हितिन बक्शी की तहरीर पर शनिवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित यात्री की तहरीर के अनुसार ने नौ जनवरी की देर रात्रि वह ट्रेन के ए-वन कोच में परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनकी बेटी दीपांती बक्शी के पर्स से किसी ने गहने व रुपये चोरी कर लिए। इसमें गले का पैंडल, कानों की बालियां, दस्तावेज व नकदी शामिल है।

पीड़ित ने सहयात्री गौरव शर्मा पर चोरी का शक जताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए पुलिस से कहा कि कोटा निवासी गौरव सवाई माधोपुर तक बिना टिकट सफर कर रहा था। उसी ने सामान चोरी किया होगा।

पीड़ितों ने ट्रेन के सीसीटीवी चेक कराने की अपील की है।

मुरादाबाद जीआरपी प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार वशिष्ठ ने शनिवार बताया कि घटना मुरादाबाद क्षेत्र से बाहर की है, लेकिन यहां मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मथुरा डिपो को मिलीं महाकुंभ के लिए 4 नई बसें, संचालन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः प्रयागराज** महाकुंभ के लिए रोडवेज डिपो को शुक्रवार को 4 नई बसों की सौगात मिल गई है, जिनका संचालन महाकुंभ के लिए किया जाएगा। वहीं कर्मचारियों की छुट्टी भी निरस्त कर दी गई है।

डिपो के अधिकारियों ने बताया कि डिपो को 10 नई बसें मिलनी हैं, जिनमें से चार बसें आ गई हैं, अन्य जल्द ही बेड़े में शामिल हो जाएंगी। इन नई बसों को महाकुंभ के लिए नए बस स्टैंड से संचालित किया जाएगा। एक बस का संचालन प्रयागराज के लिए कर भी दिया गया है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए रोडवेज बस स्टॉप पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। 13 जनवरी से यह कंट्रोल रूम सक्रिय हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। इसके लिए अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज के लिए कुल 85 बसों का संचालन होना है। जिसके लिए हर समय बस उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की संख्या 70 प्रतिशत होते ही बस को यहां से रवाना कर दिया जाएगा।

**सौगात**

▶▶ हर समय बस उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की संख्या 70 प्रतिशत होते ही बस को यहां से रवाना कर दिया जाएगा।

फास्ट न्यूज

## महाकुंभ का संदेश, न बंटे समाज हमारा: कंवर पाल

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि महाकुंभ प्रयागराज 2025 एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं भाग लेगें। कुंभ का यह आयोजन प्रसिद्ध तीर्थ स्थल प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है, जो त्रिवेणी संगम के लिए प्रसिद्ध है। "महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश, गंगा की अविरल धारा, ना बंटे समाज हमारा। शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 को लेकर बताया कि इस ऐतिहासिक महाकुंभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सम्भव प्रयास कर यहां आने वाले श्रद्धालुओं व साधु संत समाज के लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवा रहें हैं।धर्म,अध्यात्म और संस्कृतियों की पावन संगम स्थली है कुंभ प्रयागराज। उन्होंने बताया कि कुंभ प्रयागराज में देश-विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को भारत उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासतों, पुरातात्विक धरोहरों एवं महाकुम्भ से जुड़ी विविधताओं से परिचित कराया जाएगा। महाकुंभ प्रयागराज की शुरूआत पौष पूर्णिमा के दिन 13 जनवरी 2025 से होगी और इसका समापन महाशिवरात्रि व्रत के दिन 26 फरवरी 2025 को होगा। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विचारों से सदैव हम सब में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, और अपने कार्यों को बेहतर ढंग से करने की प्रेरणा मिलती है।

## शास्त्र संरक्षण से विश्व में होगा सनातन का प्रसार : रामदेव

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्रों की परंपरा को आत्मसात कर योग मार्ग, वेद मार्ग, ऋषि मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पुरुषार्थ ज्ञान एवं भक्तियुक्त होना चाहिए। कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हम शास्त्रों का अनुसरण करें तो शास्त्र हमारा संरक्षण और संवर्धन करेंगे। भारतीय संस्कृति और सनातन गौरव शास्त्रों के माध्यम से ही आज तक अक्षुण्ण है।

# सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता: सीएम

### श्रीराम लला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता व संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान व उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण- प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के उपरांत अपनी बातें रखीं। अंगद टीले में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप



सभ्यता- संस्कृति

**सनातन धर्म के सभी स्थलों के लिए नई प्रेरणा का केंद्रबिंदु बनने वाला है श्रीराम जन्मभूमि मंदिर: सीएम योगी**

प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की। सीएम ने अशोक सिंहल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**धैर्य की अग्निपरीक्षा देता हुए हर भारतवासी गुजरा, लेकिन ध्येय एक ही रहा प्रभु विराजमान हों**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। 22 दिसंबर 1949, रामलला का अपनी जन्मभूमि में प्रकटीकरण होना, इस पूरी लड़ाई की पृष्ठभूमि को आगे बढ़ाता हुआ आज इन स्थितियों में पहुंचा कि प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष के उपरांत आज मंगलगान के साथ अभिभूत होकर हम सभी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। इसके उपरांत भी अनेक तिथियां आईं, जिस पर न्यायसंगत तरीके से मयार्दा के अनुसार धैर्य की अग्निपरीक्षा देते हुए हर भारतवासी गुजरा, लेकिन ध्येय सबका रहा कि प्रभु श्रीरामलला विराजमान हों।

**संतों के सानिध्य में पीएम ने रामलला को कराया था प्रतिष्ठित**

सीएम ने कहा कि इसका शुभारंभ 9 नवंबर 2019 को हुआ, जब न्यायपालिका ने सर्वसम्मत से निर्णय सुनाया कि अयोध्या में जहां विवादित ढांचा था, वह रामजन्मभूमि है। वहां ट्रस्ट गठित करते हुए प्रभु के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए।

## पूरे देश को जोड़ रही नए उप्र की नई अयोध्या

सीएम ने कहा कि अयोध्या अब अयोध्या होने का अहसास कराती है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सौलर सिटी बन चुकी है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है तो नए उत्तर प्रदेश की नई अयोध्या अपने तीर्थ होने के गौरव के साथ पूरे देश को अपने साथ जोड़ रही है। यह एक दिन में नहीं हुआ, इसके लिए लंबे संघर्ष को बढ़ाना पड़ा। दर्जनों पीढ़ियां चली गईं, लेकिन एक ही कामना थी कि अयोध्या में प्रभु रामलला को विराजमान होता देख सकें। कई संत व भक्त अधूरी कामना लिए चले गए, लेकिन उनका संकल्प दृढ़ था। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि इन तिथियों को आंखों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

**हर किसी का एक ही ध्येय कि राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए: योगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उन अनगिनत रामभक्तों, कारसेवकों व पूज्य संतों के ऋणी हैं, जो संघर्ष के साथ अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरते हुए भी अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। 1528 से छह दिसंबर 1992 तक हर 15-20 वर्ष के अंतराल में हिंदू समाज अपनी जन्मभूमि को वापस प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य और संघर्ष करता रहा। जिस भाषा में शासन तंत्र समझता रहा, उस भाषा में समझाने का कार्य करता रहा। हर किसी का एक ही ध्येय था कि राममंदिर का निर्माण होना चाहिए।

**जन्मभूमि के लिए चला आंदोलन सार्थक लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब इतिहास को देखते हैं तो मन भावुक हो जाता है, लेकिन परिणाम देखकर खुशी होती है कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि हमारी तीन-तीन पीढ़ी इस अभियान के साथ जुड़ी रही। पूज्य महंत दिग्विजयनाथ महाराज को मैं नहीं देख पाया, लेकिन पूज्य गुरुदेव से सुनता था।

मुझे याद है कि 2014 में पूज्य गुरुदेव की अंतिम सांसें चल रही थीं। हॉस्पिटल में अशोक सिंहल जी से गुरुदेव की आखिरी बातचीत हुई। उस दौरान गुरु जी कई दिनों से बोल नहीं रहे थे। अशोक जी को एक घंटे तक देखते रहे, फिर कहा कि राम मंदिर बन जाएगा न, अशोक जी ने कहा कि आप स्वस्थ होइए। मंदिर जरूर बनेगा।

## 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे: धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को '2025 तक ड्रग्स फ्री' बनाने के संकल्प को लेकर राज्य में अनेक स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित 'मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि राज्य में 2047 तक विकसित और नशामुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा परस्पर जुड़े हुए मुद्दे हैं। नशे की लत युवाओं को न केवल सामाजिक विघटन की ओर ले जाती है बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी चुनौती बनती है। इसी के मद्देनजर राज्य में संस्थागत, प्रवर्तन और जागरूकता स्तर पर ठोस कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एंटी

प्रयासरत

**फ्री' बनाने के संकल्प को लेकर राज्य में अनेक स्तरों पर प्रयास किए जा रहे: सीएम धामी**

नार्कोटिक्स टास्क फोर्स के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई की जा रही है। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकॉट्रॉपिक सब्सटांसेस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास के लिए जनपद स्तर पर केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला मंगल दलों और युवा मंगल दलों को भी साथ लेते हुए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। दुरुस्त क्षेत्रों तक जन-जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड के लिए वरदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चमोली जिले के कर्णप्रयाग, सेवाई में संचालित ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड के लिए वरदान साबित होगी। रेल परियोजना के पूरा होते ही पहाड़ का सफर आसान हो जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों से रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे कार्यों, अवस्थापना सुविधाओं और परियोजना की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस



दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे श्रमिकों से मुलाकात कर उनका भी कुशलक्षेम भी जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अब पहाड़ों तक रेल पहुंचने का सपना पूरा हो रहा है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन की सौगात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के प्रति उनका विशेष प्रेम और विकसित भारत की सोच को दर्शाया है।

यह रेल लाइन उत्तराखंड के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने देवभूमि की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड राज्य को अनेक सौगातें दी हैं।

जिसमें ऑल वेदर रोड, हवाई कनेक्टिविटी एवं रेल लाइनों के निर्माण से उत्तराखंड में आवागम के साथ सभी प्रकार की सुविधाएं शामिल है।

सौगात

**रेल परियोजना के पूरा होते ही आसान हो जाएगा पहाड़ का सफर: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

## पुस्तकें हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं : राज्यपाल

**देवघर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को बाबा बैद्यनाथ की पावन भूमि पर22वें देवघर पुस्तक मेला का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने पुस्तक मेले को ज्ञान, संस्कृति और साहित्य के प्रसार का एक महत्वपूर्ण मंच और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने इस मेले को डिजिटल युग में पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करने का एक उत्कृष्ट प्रयास बताते हुए कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं बल्कि हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं।

## धूमधाम से मनाया गया 41वां राष्ट्रीय युवा दिवस

**हरिद्वार।** रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम कनखल में शनिवार को 41वां राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सेवाश्रम के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानन्द ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने और देश की प्रगति में अपनी भागीदारी देने के लिए हमने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सैकड़ों विद्यार्थियों के प्रतिभाग से कार्यक्रम का आयोजन किया। वाग्मिता प्रतियोगिता के विजेता अनिरुद्ध ने संस्कृत में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण को प्रस्तुत किया। डिबेट प्रतियोगिता के विजेता ईशान त्रिपाठी ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर अपना पक्ष रखा। शांतिकुंज के गायत्री विद्यापीठ के छात्रों द्वारा नृत्य नाटिका के रूप में विष्णु स्तुति ने सबका मन मोह लिया। डीपीएस दौलतपुर के बच्चों आयुषी, कन्हैया, रूचा, अंशिका, वाणी, तुरी ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

पी कृष्णमूर्ति अय्यर और ब्रह्मचारी योगात्म चैतन्य ने मंच संचालन किया। विशिष्ट अतिथियों में शामिल डॉ जितिन सिंगला, डॉ जितेंद्र चंदेला, अंकित नारंग और डॉक्टर राज के अरोड़ा ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।



माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी शनिवार को अयोध्या के श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए।




आदेश — कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना जैसे मैदानी इलाकों में कोहरे की वजह से सुबह की दृश्यता मात्र 50 मीटर तक सिमट गई

## हिमाचल में बादलों का डेरा, कोहरे की गिरफ्त में मैदानी इलाके

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सर्दी का प्रकोप चरम पर है। पर्वतीय क्षेत्रों में शनिवार को घनघोर बादलों का डेरा है जबकि मैदानी क्षेत्रों में कोहरे ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शिमला, मनाली सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में घने बादलों के बीच ठंड का असर बढ़ गया है। वहीं कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना जैसे मैदानी इलाकों में कोहरे की वजह से सुबह की दृश्यता मात्र 50 मीटर तक सिमट गई है। देहरा गोपीपुर, सुंदरनगर, मंडी और हमीरपुर में भी कोहरा लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को काफी समस्याओं



का सामना करना पड़ रहा है और स्थानीय निवासियों को भी अपने दैनिक कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे और ठंड के चलते यातायात धीमा हो गया है।

**दो दिन होगी बारिश और बर्फबारी, 16 जनवरी से फिर बिगड़ेगा मौसम**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने शनिवार को जारी पुवार्नुमान में कहा है कि राज्य के पर्वतीय इलाकों में आज और कल (शनिवार और रविवार) बारिश और बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 13 से 15 जनवरी तक मौसम साफ रहेगा, लेकिन इस दौरान मैदानी और निचले पहाड़ी क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विज्ञान केंद्र के अनुसार 16 जनवरी से एक बार फिर मौसम बिगड़ सकता है। 16 और 17 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ने की आशंका है।

**इस सर्दी में चार बार हिमपात, माइनस में पहुंचा पारा**

हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में इस सर्दी के मौसम में अब तक चार बार हिमपात हो चुका है। मनाली सहित प्रदेश के चार शहरों का पारा शनिवार को माइनस में दर्ज किया गया है।